सुविचार

गलती तो हर मनुष्य कर सकता है, किन्तु उस पर दृढ़ केवल मुर्ख ही होते हैं।

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक
गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम — निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्ष: 17 अंक: 227 पेज: 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, गुरुवार 9 मार्च, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com

जयपुर में तेज बारिश के साथ गिरे ओले

30KM स्पीड से चली आंधी, फसलें बर्बाद; माउंट आबू में हर तरफ दिखी बर्फ

गरीबों का सितारा

जयपुर। राजस्थान में तीसरे दिन भी मौसम बदला रहा। जयपुर समेत राज्य के कई हिस्सों में बुधवार को फिर बारिश के साथ ओले गिरे। कई जगहों पर बादल छाए रहे। माउंट आबू में दोपहर 2:30 बजे बारिश हुई, ओले गिरे। इस दौरान हर तरफ बर्फ ही बर्फ दिखी। 20 मिनट की तेज बारिश से सड़कों पर पानी बहने लगा। इससे पहले मंगलवार देर शाम से रातभर जयपुर, कोटा, बीकानेर संभाग में तेज आंधी के साथ बारिश हुई और ओले गिरे। मौसम की सबसे ज्यादा मार किसानों पर पड़ी है। खेतों में तैयार खड़ी गेहूं, चना, सरसों, जीरे की फसलों को बड़ा नुकसान पहुंचा है। बारिश- ओले और तेज हवाओं से फसलें खेतों में बिछ गईं। मौसम विभाग ने बुधवार शाम से मौसम के साफ होने का अनुमान जताया है। अब अगले 4-5 दिन मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई गई। रेगिस्तान इलाकों में तेज बारिश और ओले गिरने से खेतों में इस तरह से पानी भर गया। यह तस्वीर बाड़मेर की है।

रेगिस्तानी जिलों में भी बहा पानी

रेगिस्तानी जिले जैसलमेर, बाड़मेर के भी कई हिस्सों में कल तेज बारिश हुई और यहां कुछ जगहों पर छोटे आकार के ओले गिरे। बाड़मेर में तेज हवाओं के साथ बारिश होने रात-दिन का टेम्प्रेचर करीब 2 डिग्री तक गिर गया। खेतों में पानी भर कर बहने लगा। जैसलमेर के फतेहगढ़ में एक इंच से ज्यादा बरसात हुई।

जयपुर में तेज आंधी के साथ बारिश

राजधानी जयपुर में मंगलवार देर शाम मौसम बदला और धूलभरी आंधी चलने लगी। रात करीब 9 बजे से बारिश भी शुरू हो गई। जेएलएन मार्ग, जगतपुरा, वैशाली नगर, गोपालपुरा बाइपास, प्रताप नगर, खातीपुरा रोड, टोंक रोड, सहकार मार्ग पर रुक-रुक कर रात 11 बजे तक बरसात होती रही।

इन जिलों में हुई बरसात

बाड़मेर, जयपुर, भीलवाड़ा, डूंगरपुर, बीकानेर, सीकर, टोंक, जैसलमेर, अलवर, दौसा, अजमेर, पाली, जालोर, राजसमंद के अलावा अन्य कई जिलों में पिछले 24 घंटे के दौरान 1 से लेकर 26टट तक बारिश हुई। जैसलमेर में सबसे ज्यादा 26MM पानी बरसा। जयपुर, सीकर, टोंक समेत कई जगहों पर 30-35KM स्पीड से हवाएं भी चलीं। मौसम विभाग ने इस बार राज्य में मार्च की शुरूआत जो तेज गर्मी पड़ने और बारिश कम होने की भविष्यवाणी की थी, लेकिन बारिश ने उसे फेल कर दिया। पिछले सात दिन के अंदर राज्य में 1.8MM औसत बरसात हो चुकी है, जबकि सामान्य रूप से मार्च में पूरे माह के दौरान करीब 4MM औसत बारिश होती है।

सीकर में सुबह-सुबह बूंदाबांदी, बादल

सीकर में 7 मार्च की शाम 4:00 बजे बाद से ही बादलों की आवाजाही का दौर शुरू हो गया था। रात को तेज हवाओं के साथ मंगलवार रात करीब 12:00 बजे तक बारिश हुई। बुधवार सुबह 7:30 बजे के करीब 20 मिनट तक बूंदाबांदी हुई। बादल छाए हुए हैं। बीकानेर के लूणकरणसर में किसानों की मेहनत चौपट हो गई। यहां कांकडवाला व आसपास के इलाकों में बारिश के साथ ओले गिरे हैं। किसान ओम प्रकाश ने बताया कि फसलें बचने की उम्मीद नहीं है। सरसों, गेहूं, चने की फसलें खेतों में तैयार थीं।

बाड़मेर में बिजली गिरने से मवेशियों की हुई मौत

बाड़मेर में बारिश और ओलावृष्टि से फसलें चौपट हो गईं। मंगलवार को दोपहर बाद शुरू हुई तेज आंधी के साथ बारिश व ओलावृष्टि का दौर देर रात तक चलता रहा। जिले के शिव, बायतु, धोरीमन्ना, गुड़ामालानी इलाके के कई गांवों में तेज बरसात आई, ओले गिरे। किसानों की जीरे, इसबगोल की पकी-पकाई फसलों को बड़ा नुकसान पहुंचा है। इस सिलसिले में सीएम को पत्र लिखकर राहत पहुंचाने की मांग की गई है। बिजली गिरने मवेशियों की मौत की खबरें आ रही हैं।

टोंक में तड़के सुबह से ही बारिश

टोंक जिले में बुधवार सुबह करीब 4 बजे बारिश हो रही है। दूनी और सोप तहसील क्षेत्र में कई जगह ओले भी गिरे हैं। ओले गिरने से फसलें खेतों में बिखर गई हैं। दरअसल, मंगलवार देर शाम को अचानक मौसम बदल गया और तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। मौसम बदलने से रात-दिन के तापमान में गिरावट देखी गई है। बुधवार को न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

रघु शर्मा बोले- नए जिलों की घोषणा करें सीएम

कहा- छोटे राज्यों में हमसे ज्यादा जिले, एकजुटता से लड़े तो कांग्रेस रिपीट होगी

जयपुर। कांग्रेस विधायक रघु शर्मा ने नए जिले बनाने का मुद्दा उठाते हुए 'केकड़ी' को जिला बनाने की मांग उठाई है। राजस्थान में कांग्रेस की खींचतान से जुड़े सवाल पर रघु शर्मा ने कहा- हाईकमान को देखना चाहिए। इन चीजों को एड्रेस करना चाहिए। अब छह-आठ महीने का वक्त बचा है। मुझे उम्मीद है कि अच्छी तरह समाधान निकलेगा। कांग्रेस एकजुटता के साथ चुनाव लड़ेगी तो सरकार बनाएगी। बीजेपी में भारी कलह है। उसका फायदा कांग्रेस को मिलेगा। बुधवार को रघु शर्मा जयपुर में सिविल लाइंस स्थित आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

भौगोलिक रूप से देश का सबसे बड़ा राज्य है राजस्थान

रघु शर्मा ने कहा- राजस्थान भौगोलिक रूप से देश का सबसे बड़ा राज्य है। यहां 33 जिले हैं, लेकिन हमसे छोटे राज्यों में इससे ज्यादा जिले हैं। राजस्थान की 8 करोड़ की आबादी है। एक जिले में 24 लाख की आबादी है। हमसे छोटे राज्य छत्तीसगढ में 33 जिले हैं। वहां 9 लाख की आबादी पर एक जिला है। गुजरात हमसे छोटा है। वहां भी 33 जिले हैं। हरियाणा में 13 लाख की आबादी पर एक जिला है। मध्य प्रदेश में 55 जिले हैं। वहां 15 लाख की आबादी पर एक जिला है। बीजेपी राज में पूरे राजस्थान में एक भी एडीएम का दफ्तर नहीं खुला था। हमारे कार्यकाल में 7 खुले हैं। बीजेपी ने एक भी उपखंड नहीं बनाया, जबकि 27 नए उपखंड खोले हैं। बीजेपी के पांच साल के कार्यकाल में 17 तहसील बनीं, जबकि कांग्रेस राज में 61। अपने सरकारी आवास पर बुधवार को मीडिया से बात करते रघु शर्मा। शर्मा ने कहा- एक करोड़ लोग सामाजिक सुरक्षा के दायरे में हैं। बजट में एक-एक आदमी को साधने का प्रयास किया है। ये सारी योजनाएं आम आदमी तक पहुंच जाएं तो सरकार रिपीट करने से कोई नहीं रोक सकता। अपने सरकारी आवास पर बुधवार को मीडिया से बात करते रघु शर्मा। शर्मा ने कहा- एक करोड़ लोग सामाजिक सुरक्षा के दायरे में हैं। बजट में एक-एक आदमी को साधने का प्रयास किया है। ये सारी योजनाएं आम आदमी तक पहुंच जाएं तो सरकार रिपीट करने से कोई नहीं रोक सकता।

बहुत पुरानी है मांग

रघु शर्मा ने कहा- गुड गवर्नेंस के लिए नए जिले बनाने चाहिए। मुख्यमंत्री 17 मार्च को जब विधानसभा में वित्त और विनियोग विधेयक पर जवाब दें तो नए जिलों की घोषणा करें। उसमें केकड़ी को भी जिला बनाएं। केकड़ी को जिला बनाने की मांग बहुत पुरानी है। बीजेपी राज में जीएस संधु कमेटी को भी हमने ज्ञापन दिया था।

होली पर 113 करोड़ की शराब बिकी

गर्मी बढ़ने से बीयर की खपत बढ़ी; 3 दिन में गोदामों से उठी कुल शराब में से 46 फीसदी बीयर

गरीबों का सितारा

जयपुर। राजस्थान में अब शराब पीकर त्यौहार सेलीब्रेशन का चलन तेजी से बढ़ रहा है। न्यू-ईयर के साथ ही लोग अब होली पर खूब शराब पीने लगे है। राज्य में होली-धुलंडी के मौके पर करीब 100 करोड़ रुपए से ज्यादा की शराब की बिक्री हुई। शराब का ये स्टॉक धुलंडी से तीन दिन पहले (4, 5, 6 मार्च) गोदामों से उठाया गया। क्योंकि धुलंडी के दिन यानी 7 मार्च को गोदामों

(डिपो) से सप्लाई बंद थी। आबकारी विभाग से एक मिली रिपोर्ट देखे तो 4, 5 और 6 मार्च को रिटेल शॉप संचालकों ने गोदामों से 113.25 करोड़ रुपए की शराब उठाई गई। इसमें 46 फीसदी (52.50 करोड़ रुपए मूल्य की) तो केवल बीयर का स्टॉक था। गर्मी शुरू होने के साथ ही बीयर की डिमांड बढ़ गई है, जिसके कारण न्यू ईयर के मुकाबले होली पर बीयर की खपत दो गुनी हुई है। वहीं अंग्रेजी शराब की बिक्री होली पर 58.34 करोड़ रुपए की हुई। पिछले साल 31 दिसंबर 2022 (न्यू ईयर सेलिब्रेशन) पर प्रदेश में न्यू-ईयर सेलिब्रेशन हुआ था, तब प्रदेश में दो दिन (30 और 31 दिसंबर को) करीब 111 करोड़ रुपए का स्टॉक गोदामों से उठा था। तब उसमें बीयर का हिस्सा केवल 18 फीसदी (20 करोड़ रुपए मूल्य) था, जबकि अंग्रेजी शराब का हिस्सा 70 फीसदी से ज्यादा था।

'वीरांगनाओं का राजनीतिक इस्तेमाल निंदनीय'

गहलोत बोले- शहीद के बच्चों का हक मारकर दूसरे रिश्तेदार को नौकरी गलत

जयपुर। सचिन पायलट के बंगले के बाहर धरने पर बैठी वीरांगनाओं की दो बड़ी मांगों को अनुचित ठहराते हुए सीएम अशोक गहलोत ने इसे मानने से साफ इनकार कर दिया है। गहलोत ने देर रात ट्वीट कर वीरांगना के देवर को सरकारी नौकरी देने और शहीद हेमराज की तीसरी मूर्ति लगाने की मांग को अनुचित बताया है। गहलोत ने बीजेपी नेताओं पर शहीद वीरांगनाओं का

राजनीतिक इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया- शहीदों के बच्चों का हक मारकर किसी अन्य रिश्तेदार को नौकरी देना कैसे उचित ठहराया जा सकता है? जब शहीद के बच्चे बालिग होंगे तो उन बच्चों का क्या होगा? उनका हक मारना उचित है क्या? भाजपा के कुछ नेता अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए शहीदों की वीरांगनाओं का इस्तेमाल कर उनका अनादर कर रहे हैं। यह कभी भी राजस्थान की परंपरा नहीं रही है। मैं इसकी निंदा करता हूं।

BJP के नेता इस्तेमाल कर रहे

गहलोत ने कहा- हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम शहीदों और उनके परिवारों का उच्चतम सम्मान करें। राजस्थान का हर नागरिक शहीदों के सम्मान का अपना कर्तव्य निभाता है, लेकिन बीजेपी के कुछ नेता अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए वीरांगनाओं का इस्तेमाल कर उनका अनादर कर रहे हैं। यह कभी भी राजस्थान की परंपरा नहीं रही है। मैं इसकी निंदा करता हूं। जबकि पहले शहीद की दो मूर्तियां राजकीय महाविद्यालय, सांगोद के ग्राउंड और उनके पैतृक गांव विनोद कलां स्थित पार्क में लगाई जा चुकी है। ऐसी मांग अन्य शहीद परिवारों को देखते हुए उचित नहीं है।

बच्चों का क्या होगा?

शहीद रोहिताश लाम्बा की पत्नी अपने देवर के लिए अनुकम्पा नियुक्ति मांग रही हैं। अगर आज शहीद लाम्बा के भाई को नौकरी दे दी जाती है तो आगे सभी वीरांगनाओं के परिजन और रिश्तेदार उनके अथवा उनके बच्चे के हक की नौकरी दूसरे परिजन को देने का अनुचित सामाजिक- पारिवारिक दबाव डालने लग सकते हैं। क्या हमें वीरांगनाओं के सामने एक ऐसी मुश्किल परिस्थिति खड़ी करनी चाहिए। क्योंकि वर्तमान में बनाए गए नियम पहले के अनुभवों के आधार पर ही बनाए गए हैं। शहीदों के बच्चों का हक मारकर किसी अन्य रिश्तेदार को नौकरी देना कैसे उचित ठहराया जा सकता है? जब शहीद के बच्चे बालिग होंगे तो उन बच्चों का क्या होगा? उनका हक मारना उचित है क्या?

पूर्वानुमान>	गुरु	शुक्र	शनि	रवि
अधिकतम>	32°c	32°c	31°c	31°c
न्यूनतम>	17°c	17°c	17°c	17°c

22°

होली : पुलिस ने निकाली गैर, पुलिस लाइन में जमकर मनाई जवानों ने होली

गरीबों का सितारा

उमेश कुमार मोदी/बीकानेर। बीकानेर। होली के मौके पर पूरी तरह से ड्यूटी पर तैनात रहने वाली पुलिस ने बुधवार को जमकर होली खेली। पुलिस ने गैर निकाली तथा एक-दूसरे के साथ जमकर होली खेलने के साथ चंग की थाप पर जवान थिरके। बीकानेर की पुलिस लाइन में आयोजित हुए कार्यक्रम में आईजी ओमप्रकाश, संभागीय आयुक्त नीरज के पवन, पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम सहित पुलिस के आला अधिकारी मौजूद रहे। अनुशासन में रहने वाली पुलिस लाइन बुधवार को होली के चलते पूरी तरह से हुड़दंग भरी रही। न केवल पुलिस के जवानों ने बल्कि, पुलिस के परिवार वालों ने भी जमकर होली खेली। एक-दूसरे के गुलाल व रंग लगाने के साथ हवा में गुलाल उड़ाई। इस मौके पर चंग मंडली ने होली की धमाळ गाई तथा इस मौके पर जवान जमकर थिरके। बाद में पुलिस के जवानों ने गैर निकाली।

पंचाग

दिनांक 09मार्च 2023 गुरुवार
विक्रम संवत2079चैत्र कृष्ण पक्ष

तिथि	द्वितीया	20:53:38
पक्ष	कृष्ण	
नक्षत्र	हस्त	29:55:54
योग	गण्ड	21:06:18
करण	तैतुल	08:20:40
करण	गर	20:53:38
चन्द्र राशि	कन्या	
सूर्य राशि	कुम्भ	
दिशा शूल	दक्षिण	
सूर्योदय(जयपुर)	06:44:25	
सूर्यास्त	18:30:47	
चंद्रोदय	20:13:51	
चंद्रास्त	07:46:23	
राहू काल	14:06-15:34	
अभिजित	12:14-13:01	
शुभ चोघडिया		
शुभ	06:44-08:13	शुभ
चर	11:09-12:38	शुभ
लाभ	12:38-14:06	शुभ
अमृत	14:06-15:34	शुभ
शुभ	17:02-18:31	शुभ

संत तुकाराम जयंती:-आज

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

।। कौन हूं मैं।।: महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

महिला दिवस सिर्फ रस्म अदायगी भर नही रह जाए

गरीबों का सितारा

अपनी शक्ति को स्वयं समझकर जागृति आने से ही महिला घरेलू अत्याचारों व कामकाजी महिलाए अपने उत्पीडन से छुटकारा पा सकती है। तभी महिला दिवस की सार्थकता सिद्ध होगी। मनु स्मृति में उल्लेख है कि जहा स्त्रियों का सम्मान होता है वहा देवता रहते है। वैसे दिखाने को हम स्त्रियों को काफी सम्मान देते है, लेकिन असली में महिला दिवस व असल रुप में सम्मान देखना है, तो हर मनुष्य अपने घर में देखे की उसकी माँ, पत्नी, बेटी का सम्मान सुख दुःख हर मनुष्य अपने घर से शुरूआत करे असल मायने में उस दिन एक औरत के लिए हर दिन महिला दिवस होगा। औरत को खुद यह समझना है कि अपनी प्रतिभा, दक्षता, क्षमता, अभिरुचि और रुझान को पहचानना है। ईश्वर ने हमे जिन गुणों से नवाजा है उन्हे निखराना है, यत्रवत्र कार्य करने की बजाय स्वयं को प्रसन्न रखने के लिए कार्य करना है। अपने आप से कहे कि में कर सकती हूं। मैं करूँगी। मैं कुछ बन कर ही रहूँगी। (समाज की नारी)

ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता खारडा 2023

गरीबों का सितारा

उमेश कुमार मोदी/खारड़ा बीकानेर। आयोजक कर्ता 1.ओमप्रकाश गोदारा 2. नरपत सिंह 3. अनंतराम सारस्वत 4. किशन 5. मेघराज सारण

6. श्यामलाल सारस्वत 7.दलीप नाई 8. रामचंद्र 9 सुभाष सारस्वत सरस्वत .... एंड समस्त ग्रामवासी 5 और 6 मार्च 2 दिन इस टूनार्मेंट का आयोजन रखा गया था इस टूनार्मेंट में 8 टीमों ने भाग लिया था 1. हरिराम बाबा क्लब खारड़ा 2. शहीद भगत सिंह क्लब खारड़ा 3. भोमिया जी क्लब खारडा 4. कृष्णा क्लब खारड़ा 5. भेरुजी क्लब खारड़ा 6. श्री भोमिया जी पन्नालाल जी ट्रस्ट खारडा 7. पाबूजी क्लब खारड़ा 8. वीर तेजा क्लब खारडा इस टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबला भोमिया जी क्लब और शहीद भगत सिंह क्लब के बीच खेला गया था इस टूनार्मेंट की विजेता टीम भोमिया जी क्लब खारडा 1. जय सिंह 2. भीम सिंह 3. नरपत सिंह (कप्तान) 4. ओमप्रकाश गोदारा (उपकप्तान) 5. अजय तावणीया 6. दलीप नाई 7. भवानी सिंह 8. गजेंद्र सिंह 9. पदम सिंह 10. राहुल सिंह 11. प्रभु सिंह इस टूनार्मेंट की उपविजेता टीम शहीद भगत सिंह रही 1. आकाश तावणीया (उपकप्तान) 2. सुभाष सारस्वत (कप्तान) 3. शीशपाल गोदारा 4. दिनेश गोदारा 5. जय किशन शर्मा 6. राजेश शर्मा 7. अनिल सारस्वत 8. कमलेश 9. राम सारस्वत 10. ललित सारस्वत 11. रामदेव सारस्वत 1. विजेता राशि ?3100 और ट्रॉफी 2. उपविजेता राशि ?2100 और ट्रॉफी इस टूनार्मेंट को पूरा कराने के लिए जितनी भी सहयोग राशि लगी वह.... श्याम सुंदर (इंद्र) सारस्वत खारडा विधानसभा क्षेत्र लूणकरणसर उन्होंने इस टूनार्मेंट को सफल बनाने के लिए सहयोग राशि दी।

आज से सिटी पार्क में एंट्री पर देने होंगे पैसे:सुबह 9 बजे बाद आने पर लगेगा 20 रुपए का शुल्क; 12 साल से छोटे बच्चे रहेंगे फ्री

जयपुर। जयपुर में मानसरोवर में बने जयपुर के दूसरे सबसे बड़े पार्क में कल से लोगों को पैसे देकर प्रवेश (एंट्री) मिलेगी। राजस्थान हाउसिंग बोर्ड ने यहां आने वाले हर व्यक्ति से 20 रुपए शुल्क लेने का फैसला किया है। हालांकि इसमें 12 साल या उससे छोटी उम्र के बच्चों का शुल्क नहीं लिया जाएगा। ये फीस सुबह 9 बजे बाद एंट्री करने वाले विजिटर्स से वसूली जाएगी। सुबह 6 से 9 बजे तक मॉर्निंग वॉक करने आने वालों को कोई शुल्क नहीं देना पड़ेगा। इसके अलावा इस पार्क में अब प्री-वेडिंग, फिल्म-सीरियल शूट करने के भी पैसे देने होंगे।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस: स्वास्थ्य विभाग द्वारा आशा सहयोगिनियों और स्वास्थ्य कार्यकताओं के साथ कार्यशाला आयोजित

महिलाएं किसी क्षेत्र में पीछे नहीं, अवसर देने की जरूरत : संयुक्त निदेशक

गरीबों का सितारा

उमेश कुमार मोदी/बीकानेर। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला पीसीपीएनडीटी प्रकोष्ठ व आईईसी प्रकोष्ठ द्वारा किसान भवन, स्वामी केशवानन्द कृषि विश्वविद्यालय, बीछवाल, बीकानेर में जिले के विभिन्न ब्लॉक की एएनएम व आशा सहयोगिनी के साथ जिला एवं संभाग स्तरीय अधिकारियों द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ. देवेन्द्र चौधरी, संयुक्त निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, बीकानेर जोन, बीकानेर द्वारा उक्त पावन दिवस पर महिला सशक्तिकरण, महिला शिक्षा, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ, कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम, लिंग परीक्षण, मुखबिर योजना इत्यादि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई तथा महिलाओं को शिक्षा की ओर अधिकतम ध्यान देने पर जोर दिया। उन्होने बताया कि आज के दौर में महिलायें किसी भी क्षेत्र में पुरूषों से कम नहीं है, केवल उन्हें अवसर मिलने की जरूरत है। सीएमएचओ

डॉ. मोहम्मद अबरार पंवार द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उपस्थित समस्त महिलाओं को नारी शक्ति का सम्बोधन कर उक्त दिवस पर बधाई दी तथा महिलाओं के अधिकार एवं कृतव्यों पर विस्तृत चर्चा की तथा जिले के लिंगानुपात मे सुधार हेतु महिलाओं की भागीदारी की बात कही। डॉ. राजेश गुप्ता, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी, बीकानेर द्वारा महिलाओं की वर्तमान स्थिति तथा प्रदेश व जिले के लिंगानुपात पर विस्तृत चर्चा की तथा गिरते हुए लिंगानुपात के सामाजिक एवं आर्थिक कारणों पर चर्चा करते हुए उक्त की रोकथाम पर चर्चा की। डॉ. लोकेश गुप्ता उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) बीकानेर द्वारा महिलाओं को उक्त दिवस पर बधाई देते हुए उनके द्वारा अपने हको पर सचेत रहते हुए सर्वांगिंण विकास की बात कही। श्रीमति रेणु बिस्सा, जिला आशा समन्वयक ने महिला सशक्तिकरण एवं कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम हेतु व्यापक जनजागरण/जनचेतना की बात कही तथा बताया कि समाज में लिंगभेद की कुरूति को जड़ से समाप्त करने की आवश्यकता है। श्री महेन्द्र सिंह चारण, जिला पीसीपीएनडीटी समन्वयक ने जिले की गिरती एस आर बी पर चिन्ता व्यक्त करते हुए उपस्थित महिला समुह से मुखबिर योजना (लिंग परीक्षण की जानकारी देने पर 3 लाख का ईनाम) पर विस्तृत रूप से चर्चा की तथा चयन आधारित गर्भपात पर व्यापक अंकुश लगाने की चर्चा की एवं उपस्थित सभी को कन्या भ्रूण हत्या एवं लिंग परीक्षण नहीं करने की शपथ दिलाई।

होलिका दहन के साथ ही रंगों के त्यौहार का धूम-धाम से आगाज

गरीबों का सितारा

उमेश कुमार मोदी/खारड़ा बीकानेर। जिले में होली का त्यौहार धूम-धाम से मनाया मनाया गया जिले के खारड़ा राजेरा शेरेरा हेमेरा सहित कई इलाकों में होलिका दहन कर पर्व मनाया गया। जानकारों के मुताबिक हिरण्यकश्यपु के कहने पर होलिका प्रह्लाद को मारने के लिए अपनी गोद में बैठाकर आग में प्रवेश कर कई। किंतु भगवान विष्णु की कृपा से तब भी भक्त प्रह्लाद बच गया और होलिका जल गई। तभी से बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में होलिका दहन होने लगा और ये त्योहार मनाया जाने लगा।

एक दूसरे को हाथ मिलाकर, पांव छू कर ,गले मिलकर शुभकामनाएं दी

पुराणों में होलिका दहन और पूजा का विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि होलिका दहन के दिन होली पूजन करने से महालक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। मां लक्ष्मी की कृपा से घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली

आती है। सोमवार सुबह से ही गांव में होलिका दहन के लिए होलिका स्थापना की गई। शाम आठ बजे के करीब शुभ मुर्हूत में हरिराम जी मंदिर के पास होलिका दहन किया गया।

धूमधाम से मनाई जा रही रंगो की होली

होलिका दहन के बाद मंगलवार दिन भर रंग और गुलाल लगाकर होली का त्यौहार मनाया गया। इस दिन लोग धर्म जाति और भेदभाव भूलकर एक दूसरे को रंग लगाते हैं। गुजिया और पकोड़े बनते हैं। कुछ लोग होली पर भांग पीते हैं। बच्चे खूब मौज मस्ती करते हैं। छह मार्च को होलिका दहन से पूर्व बुजुर्गो ने हड़बली,कुश्ती ,कबड्डी के खेल का आयोजन रखा बाद में चंग धमाल के साथ होलिका दहन किया गया। सात मार्च को रंग गुलाल के बाद शाम को जम कर बरसात हुई हालांकि मौसम विभाग ने बरसात को लेकर पहले ही अलर्ट जारी कर दिया था।

जयपुर में लुटेरे बोले- अल्लाह कसम... सबको गोली मार देंगे

तिजोरी की चाबी के लिए बैंक के अंदर ही बैठे रहे, एक-एक कर 8 को बंधक बनाया

गरीबों का सितारा

जयपुर। जयपुर में नाकाबपोश दो बदमाशों ने पिस्तौल के दम पर उछट अजमेर रोड पर इंडियन ओवरसीज बैंक की ब्रांच लूट ली। लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए लुटेरों को बैंक में 16 मिनट का समय लगा। बदमाशों को तिजोरी की चाबी के लिए इतना समय बैंक में गुजारने पड़े। नकाबपोश बदमाश ब्रांच में एक-एक कर आने वाले 8 लोगों (कस्टमर और बैंक कर्मचारी) को हथियार के दम पर मारपीट कर बंधक बनाते रहे। तिजोरी की चाबियों के बारे में पूछकर धमकाते- अगर तुम्हारी दी सूचना गलत हुई तो अल्लाह कसम से सबको गोली मार देंगे। बैंक में असिस्टेंट मैनेजर तिजोरी की चाबी लेकर पहुंचे, उसके बाद वारदात को अंजाम दिया गया। बदमाश जल्दबाजी में तिजोरी में रखे 10.73 लाख, कस्टमर के 40 हजार और ब्रांच मैनेजर की सोने की चेन लूटकर सफाई कर्मचारी की बाइक से फरार हो गए। श्याम नगर थाना पुलिस ने बैंक लूट की सूचना पर शहरभर में नाकाबंदी कराई, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा। इस मामले में ब्रांच मैनेजर आकेड़ा डूंगर विश्वकर्मा निवासी सूर्यप्रकाश मीणा ने श्याम नगर थाने में बैंक लूट का मामला दर्ज करवाया है।

सोमवार सुबह के 9:15 बजे

बैंक शाखा को क्लर्क सुरेश सैनी, सुमित निर्मल और सफाई कर्मचारी सौरभ ने खोली। तीनों कर्मचारी अपने-अपने काम में लग गए। सौरभ बैंक की सफाई करने में लगा था। आपस में बातचीत कर रहे थे। साथ ही अपनी-अपनी सीट पर बैठे थे। इन सब में करीब आधा घंटा बीत गया।

9:55 बजे आए बदमाश

दो नकाबपोश बदमाश बैंक में घुसे। सीधे बैंक के प्रतिबंधित क्षेत्र में चले गए। क्लर्क सुमित निर्मल ने उन्हें टोका। कहा- आप इस प्रतिबंधित क्षेत्र में कैसे आए हो? प्रतिक्रिया में उन्होंने पिस्तौल निकाली।

मनोज शर्मा ने श्री राधे गौशाला में गायों की सेवा कर मनाया अपना जन्मदिन

मनोज ने कहा कि गौ सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं

गरीबों का सितारा

जयपुर। न्यू आदर्श ग्रुप ऑफ स्कूल एंड कॉलेज के चेयरमैन मनोज शर्मा ने जन्मदिन के दिन सुबह पूजा अर्चना कर अपने दिन की शुरूआत की। उसके बाद में श्री राधे गौशाला में पहुंचकर गायों की सेवा कर दलिया, चारा व गुड़ खिलाकर गौ सेवा की। उसके बाद में बच्चों को खाना खिलाया। दिनभर मनोज शर्मा को जन्मदिन की बधाई

देने वालों का तांता लगा रहा। सोशल मीडिया और फोन पर भी मनोज शर्मा को जन्मदिन की बधाई देने का सिलसिला दिनभर है जारी रहा। मनोज शर्मा ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सभी ने मेरे जन्मदिन को यादगार बना दिया इसके लिए में आप सभी को धन्यवाद देता हूं आगे भी आप सभी का प्यार और आशीर्वाद मुझ पर ऐसे ही बना रहे में मेरी ओर से आप सभी लोगों की हर संभव मदद करने की कोशिश करूंगा। जन्मदिन के शुभ अवसर पर स्कूल के सभी छात्र छात्रा व संस्था के स्टाफ का मौजूद रहा।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

गंगापुर में राष्ट्रीय गौ भक्त संत गोपालानंद सरस्वती ने गौशाला का किया निरीक्षण

गरीबों का सितारा

गंगापुर/ दिनेश लक्षकार। नगर पालिका गंगापुर द्वारा संचालित श्री कृष्ण गौशाला में राष्ट्रीय क्रांतिकारी संत गोपालानंद सरस्वती(जगदीश गोपाल जी महाराज) द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। महाराजश्री उत्तराखंड में आयोजित गौकथा के लिए जाते हुए थोड़ी देर के लिए गौशाला रुके ।निरीक्षण के दौरान पालिका अध्यक्ष दिनेश चंद्र तेली को निर्देश दिया कि बीमार व कमजोर गोवंश, नंदी और बछड़े को अलग अलग रखकर उनकी उनकी सेवा की जाए ।साथ ही महाराज जी ने कहा कि गंगापुर नगर पालिका द्वारा गौमाता की भाव से सेवा की जा रही इसके नगर पालिका मंडल वह नगर पालिका प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया महाराज जी ने कहा कि राजस्थान में सभी जगह नगरपालिका द्वारा इस तरह गायों की देखभाल की जाए तो गोवंश को बचाया जा सकता है ।इस अवसर पर गौशाला में महेश तेली, भीम सिंह राजपूत हीरा लाल तेली, मदन लाल तेली, मनोहर लाल तेली जगदीश माली रुपेशमाली ,प्रकाश तेली,लादूलाल तेली,संजय आचार्य, अर्जुन लाल जीनगर, संजय तेली,कन्हैया लाल माली,नगर पालिका गौशाला कर्मचारी गण उपस्थित थे ।महाराज जी द्वारा उत्तराखंड के लिए प्रस्थान किया गया।

महिला को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट द्वारा किया गया सेवा कार्य

गरीबों का सितारा

कुचामनसिटी। लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट सेवा ट्रस्ट एवं लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट ने एक महिला को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सिलाई मशीन भेंट कर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। ट्रस्ट अध्यक्ष लॉयन राम काबरा, क्लब अध्यक्ष लॉयन द्वारकाप्रसाद कुमावत, संरक्षक लॉयन पवन जैन, उपाध्यक्ष लॉयन आशीष जैन, लॉयन मुरलीधर गोयल, सर्विस चैयरपर्सन लॉयन जितेन्द्रसिंह राजपुरोहित, लॉयन रेखा काबरा, नवाब शेख, नरेश कुमावत ने महिला के घर पहुंचकर उन्हें सिलाई मशीन भेंट की एवं महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। महिला ने बताया सिलाई कार्य कर अब वह भी परिवार का सहयोग कर सकेगी। लॉयन राम काबरा ने बताया आज के समय की जरूरत है हर महिला आत्मनिर्भर बनें तथा स्वरोजगार से जुड़े ताकि वह अपने परिवार एवं समाज को एक नई दिशा दे सके। इसके लिए लॉयन्स क्लब अंतरराष्ट्रीय ने महिला सशक्तिकरण के कार्यों को प्रमुख सेवा कार्यों में रखा है। लॉयन द्वारकाप्रसाद कुमावत ने बताया महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से क्लब द्वारा समय समय पर सेवा कार्य किए जा रहे हैं इससे पहले भी कच्ची बस्ती की दिव्यांग महिला को क्लब द्वारा रोजमर्रा की वस्तुओं की दुकान करवाई थी जो वर्तमान में अच्छी चल रही है। नवाब शेख ने संस्था का आभार जताया।

रंगों का त्यौहार होलिका पर्व लोगों ने धूमधाम से मनाया गया, युवाओं ने जमकर होली खेली

गरीबों का सितारा

गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव। स्थानीय क्षेत्र में रंगों का त्यौहार होलिका पर्व धूमधाम से मनाया गया! सोमवार देर शाम को विभिन्न स्थानों पर शुभ मुहूर्त में विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ होलिका दहन किया गया! मंगलवार सुबह से ही युवाओं ने जमकर रंग, गुलाल से होली खेली व डीजे नाच गान नृत्य किया। नगर पालिका चेयरमैन सुमित काल्या ने पार्षदों के साथ एवं पूर्व चेयरमैन धनराज गुर्जर ने विभिन्न वार्डों व चौराहे पर पूजा अर्चना के साथ होलिका दहन किया व शहरवासियों को शुभकामनाएँ दी! मंगलवार को रामा श्यामा का दौर देर शाम तक चला लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर होलिका पर्व की शुभकामनाएँ दी! क्षेत्र में होलिका पर्व शान्ति पूर्वक संपन्न के लिए एसडीएम विनोद कुमार मीणा व पुलिस उपाधीक्षक लोकेश मीणा एवं थानाधिकारी गजराज चौधरी मय जाप्ता के नजर रखें हुए थे, संवेदनशील जगह पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात था।

नेशनल हाईवे पर मुख्यमंत्री के विशेष ओएसडी शर्मा का स्वागत

गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव। राजस्थान सरकार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के विशेष अधिकारी लोकेश शर्मा के वल्लभनगर दौरे पर जाने के दौरान नेशनल हाईवे 29 मिल चौराहे पर स्वागत किया गया व न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय खोलने बाबत मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा! इस दौरान अभिभाषक संघ के सचिव राजकुमार वैष्णव, अधिवक्ता राजेश पारीक, विनोद पुरोहित, यूनुस मोहम्मद, धर्मी चंद साहू, बादल नायक आदि मौजूद थे,ओएसडी लोकेश शर्मा ने आश्वासन दिया।

गंगापुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सर्वधर्म समाज महिला रैली व नारी सशक्तिकरण संगोष्ठी का आयोजन

कोमल है कमजोर नहीं शक्ति का नाम ही नारी है : वंदना बाल्दी

गरीबों का सितारा

गंगापुर/ दिनेश लक्षकार। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी सशक्तिकरण के स्वरूप हेतु माहेश्वरी महिला मंडल के आह्वान पर गंगापुर में सर्वधर्म समाज महिला रैली का आयोजन किया गया। रैली ढोल-नगाड़ो के साथ भूत-बावजी मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए ज्ञानजी के चौक स्थित कालू कल्याण कुंज पहुंची। समाज के सभी वर्ग से महिलाएं व बालिकाओं ने भारत माता, झांसी की रानी, डॉक्टर, पुलिस, वकील आदि के प्रतिरूप में रैली का हिस्सा बनी। रैली में सहभागी महिलाओं ने नारी शक्ति के नारे लगाते हुए अपना उत्साह व जोश दिखाया। मातृशक्ति की रैली का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया गया। कालू कल्याण कुंज पर महिला सशक्तिकरण पर संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि राजकीय चिकित्सालय सहाड़ा से डॉक्टर बबीता जोया एवं विशिष्ट अतिथि

मनीषा शर्मा उप प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय गंगापुर व वंदना बाल्दी ने अध्यक्षता की। विभिन्न समाजों की महिलाओं द्वारा नारी आत्मनिर्भरता व सशक्तिकरण विषय पर आधारित अपनी प्रस्तुतियां के रूप में कविता नुक्कड़ नाटक, भाषण एवं गायन द्वारा अपनी भावनाओं को व्यक्त किया गया। मुख्य अतिथि डॉक्टर बबीता जोया ने कहा गया कि यह दिन पूर्ण रूप से महिलाओं और उनसे जुड़े मुद्दे को समर्पित है। विशिष्ट अतिथि मनीषा शर्मा ने महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने और शिक्षा व स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने को कहा। वंदना बाल्दी ने बताया कि महिला दिवस पर रैली एवं नारी शक्ति के कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को मजबूत करना नहीं है, क्योंकि महिलाएं तो पहले से ही मजबूत है बस समाज में कमजोर सोच को बदल कर नारी के सशक्त स्वरूप को समाज के सम्मुख रखना हैं। सभी समाज की महिला अध्यक्षा सहित 150 से अधिक महिला सदस्यों ने भाग लिया। माहेश्वरी महिला मंडल से चंदा जागेटिया,हसां बहेडिया,गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज से रेखा उपाध्याय, अग्रसेन महिला प्रगति क्लब से ललिता लोहिया,कविता बंसल जैन समाज से सीमा बुलिया, सरोज जैन,रेखा जैन,नीरू जैन, सीमा माली समाज से दया सैनी,रेखा माली सोनी समाज से बिंदु सोनी,भारत विकास परिषद से विजयश्री दाधीच, ममता,जीनगर सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रही। चंदा जागेटिया द्वारा कार्यक्रम में सम्मिलित सभी महिलाओं का आभार प्रकट किया गया।

गंगापुर के आलोक स्कूल के विद्यार्थियों ने किए विश्वास स्वरूपम शिव प्रतिमा के दर्शन

गरीबों का सितारा

गंगापुर/ दिनेश लक्षकार। आलोक विद्या मंदिर में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया । संस्था प्रधान रेखा लक्षकार ने बताया कि शैक्षणिक गतिविधियों के साथ साथ सह शैक्षणिक गतिविधियां का क्रियान्वयन भी आवश्यक हैं। विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण में कांकरोली, द्वारकाधीश ,नौ चौकी ,गुप्तेश्वर महादेव, नाथद्वारा श्रीनाथजी, गणेश टेकरी, विश्वास स्वरूपम शिव प्रतिमा के अंदर तक दर्शन करके रोमांचित हो उठे। साथ ही विद्यार्थियों ने रात्रि में शिव प्रतिमा पर लेजर शो और म्यूजिकल फाउंटेन का आनंद लिया। इस अवसर पर बजरंग दल के जिला अध्यक्ष शोभा लाल जीनगर, रमेश शर्मा, नेहा लक्षकार, गंगा शर्मा ,मृत्युंजय लक्षकार, निर्मला शर्मा ,योगिता मीणा, विदुषी मेधावी

लक्षकार, आयुषी युवांशी कवर सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

मंत्रोच्चार के साथ रैणी-उपखंड क्षेत्र मे ग्राम वासियो ने किया होलिका दहन

रैणी, गढीसवाईराम, पिनान, माचाड़ी सहित सभी जगह पर हर्षोल्लास के मनाया गया होली धूलण्डी का पर्व

गरीबों का सितारा

रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना। अलवर के रैणी उपखण्ड क्षेत्र के सभी ग्रामीण क्षेत्र व कस्बो मे होली-धूलण्डी का त्योहार बडी ही धूमधाम और प्रसन्नता के साथ भाईचारे की भावना से मनाया गया है। इस बारे मे रैणी एसएचओ ओमप्रकाश मीना ने भी मिडिया को यही बताया है कि रैणी थाना क्षेत्र के सभी गाँवो मे पूरी तरह से शान्तिपूर्ण तरीके से होली धूलण्डी का त्योहार मनाया गया है और कही से भी किसी भी तरह की अप्रिय घटना की कोई सूचना नही मिली है। इसी तरह से गढ़ीसवाईराम कस्बे के बस स्टैण्ड़ वाले हनुमान मंदिर के सामने सैकड़ो महिला-पुरूषो की मौजूदगी मे सोमवार को गोधूली वेला मे ठीक 6.30 बजे हनुमान मंदिर के महंत मोहनलाल शर्मा ने विधी विघान से पूजा अर्चना करवा कर होलिका दहन करवाया गया। इस दौरान सभी ने गेहूँ-जौ की बालिया सेकी तथा महिलाओं ने जल

चढ़ा कर अपने परीवार की खुशहाली की मंगल कामना की और फिर इसके बाद मे अपना व्रत-उपवास खोला। इस दौरान गढ़ीसवाईराम सरपंच किशनलाल बैरवा, उप सरपंच मानसिंह चौहान , सतीश बागड़ी, बजरंग जाँगिड़, मुरारी जैमन, अमरनाथ शर्मा, जीतेन्द्र बंसल, गुड्डू प्रधान सहित अनेक गणमान्य नागरिक व अनेक महिला पुरूष मौजूद थे। गढ़ीसवाईराम से राजेश राठौड के द्वारा यह सारी जानकारी दी गई है।

माहेश्वरी पंचायत बोर्ड के द्विवार्षिक चुनाव हुए सम्पन्न

अध्यक्ष पद पर मून्दड़ा एवं मंत्री पद पर जाजू निर्वाचित

गरीबों का सितारा

ब्यावर (अनिल सिखवाल)। स्थानीय माहेश्वरी भवन पाली बाजार में माहेश्वरी पंचायत बोर्ड (रजि.) के द्विवार्षिक चुनाव बुधवार को सम्पन्न हुए निवर्तमान अध्यक्ष विष्णु हेडा ने बताया कि अध्यक्ष पद पर सुनिल कुमार मून्दड़ा निर्विरोध निर्वाचित हुए निवर्तमान मंत्री दिलीप कुमार जाजू ने बताया कि प्रबन्ध कार्यकारिणी हेतु 14 सदस्यों का निर्वाचन हुआ, जिसमें उपाध्यक्ष नरेन्द्र झंवर, मंत्री पुरुषोत्तम जाजू व कोषाध्यक्ष नवनीत भराड़िया का निर्वाचन किया गया। प्रबन्ध कार्यकारिणी हेतु नारायण हेडा, विट्ठल राठी, सूर्यप्रकाश झंवर, सुनील कुमार ईनाणी, पवन

बिहानी, मनीष दरक, मुकेश झंवर, प्रभात कुमार राठी, गोविन्द सारदा, अनिल कांकाणी, कैलाशचन्द झंवर का निर्वाचन किया गया मुख्य चुनाव अधिकारी पुरुषोत्तम माहेश्वरी, सहनिर्वाचन अधिकारी अजय सोमानी, कैलाश सोमानी, राजेन्द्र सोमानी के दिशा निर्देश में चुनाव कार्यक्रम सम्पन्न हुए।

धूमधाम से मनाया तीन दिवसीय रंगो का त्योहार

गरीबों का सितारा

मंडावर। उपखंड क्षेत्र सहित कस्बे में तीन दिवसीय होली का त्यौहार धूमधाम से मनाया। जिसका समापन बुधवार को बहिनों ने भाईयो को तिलक लगा कर किया। जानकारी के अनुसार तीन दिवसीय रंगो के त्यौहार होली की शुरूआत सोमवार को होली का दहन के साथ हुई। कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में जगह जगह अच्छाई की बुराई के प्रति जीत के लिए होली दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। वही दूसरे दिन मंगलवार को रंगो के त्यौहार की शुरूआत भोर होते ही रंगो के साथ हुई। स्थानीय व्यापारी दीपक दुसाद व अशोक पंवार ने बताया कि होली से एक सप्ताह पूर्व

से ही बाजार में अच्छी खासी चहल पहल रही। लोग रंग, पिचकारी, मिस्ठान खरीदते दिखाई दिए। वही धुलेंडी पर बच्चे व युवा सभी टोलियो में रंग व गुलाल से होली खेलते दिखाई दिए। क्षेत्र में जमकर लोगो ने रंगो की होली खेली। इस दौरान पुलिस प्रशासन भी दिनभर सक्रिय रहा। जिसके बाद बुधवार को भाईदूज के त्यौहार के साथ तीन दिवसीय त्यौहार का समापन हुआ। जंहा बहिनों ने अपने भाईयो को तिलक लगाया। और उनकी लंबी उम्र की कामना की। वही भाईयो ने अपनी बहिनों की जीवन भर सुख दुख में रक्षा करने का वादा किया।

SSHT ने सर्व समाज के साथ मिलकर खेली होली और एक दूजे को खिलाई मिठाई

गरीबों का सितारा

रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना। राजगढ उपखंड सहित सारे क्षेत्र मे ही सामाजिक कार्यो में हमेशा आगे रहने वाली सर्व समाज हेल्प टीम ने भाईचारा एकता बनाए रखने व आपसी प्रेम भाव को और ज्यादा बढ़ाने के लिए मिलकर रंगों की होली धुलंडी खेली । सर्व समाज हेल्प टीम के संयोजक प्रकाश भाबला एवं सुनिल भाकरी ने बताया कि बुधवार को SSHT के सदस्यों ने एक साथ मिलकर कोठीनारायणपुर बाईपास पर मिलकर सर्व समाज के नागरिकों के साथ मिलकर रंगो के त्योहार पर रंग , गुलाल लगाकर होली खेली और सर्व समाज में ऐसे ही भाईचारा बना रहने की कामना की ।रामकेश रतनपुरा व सैतान भाकरी ने कहा कि होली एक हिंदू त्योहार है जो सर्दियों के अंत मे और वसंत के आगमन का जश्न मनाते है। त्योहार के दौरान लोग रंगों से खेलते हैं और आनंद लेते हैं धर्मसिंह इंदपूरा , मुकेश बमणावत ने कहा कि पौराणिक समय मे जब भगवान कृष्ण राधा और अन्य गोपियों को तरह-तरह के रंगों से रंग रहे थे , तो नटखट श्री कृष?ण की यह प्यारी शरारत सभी ब्रजवासियों को बहुत पंसद आई तो तब से ही यह प्यार का त्योहार माना जाता है कि इसी दिन से होली पर रंग खेलने का प्रचलन शुरू हो गया और इसीलिए होली पर रंग-गुलाल खेलने की यह परंपरा आज भी निभाई जा रही है होली खेलने वाले सुनील भाकरी रामकेश रतनपुरा धर्मसिंह इन्दपुरा सैतान भाकरी मुकेश बमनावत, रामकेश पलवा भुल्या महादेव, प्रमोद सैनी कैलाश भाकरी अमित चंद कांदोली सीताराम अनावड़ा राजेश बबिता डीलर दुब्बी खुशीराम बालेटा आदि टीम के सदस्यों ने सर्व समाज के नागरिकों के साथ रंग गुलाल होली खेली और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर होली की शुभकामनाएं दी।

10 करोड़ के विकास कार्यों को किया जनता को समर्पित-हुडला

गरीबों का सितारा

महवा। विधायक ओमप्रकाश हुड़ला ने महुआ विधानसभा क्षेत्र में रविवार को लगभग 10 करोड़ की लागत के शिलान्यास और लोकार्पण किये।जिसमे कोण्डला की मुख्य सड़क का शिलान्यास,ओण्ड मीना से घनश्याम प्रधान की ढाणी की ओर सड़क का शिलान्यास,तालचिड़ी में गोवर्धन पर्वत की सड़क का शिलान्यास,ढण्ड में सड़क लोकार्पण,ग्राम शीशवाड़ा में ग्राम सहकारी समिति के भवन का लोकार्पण/ विधायक कोष से विभिन्न कार्यों का लोकार्पण,सिकन्दरपुर-नाहिडा का पुरा में कूप निर्माण का शिलान्यास,नाहिडा में पेयजल योजना का शिलान्यास,खेडला बुजुर्ग में कूप निर्माण शिलान्यास तथा विधायक कोष से स्वीकृत कार्यों का शिलान्यास, रिंगसपुरा की मुख्य सड़क का शिलान्यास,दौलतपुरा,नकटपुर-सतलावा की मुख्य सड़क का शिलान्यास, बीच के बास से पानी की टंकी तक सड़क का

शिलान्यास,लच्छी दास जी मंदिर से सेडमाता तक (महात्मा ज्योतिबा फूले मार्ग) सड़क का शिलान्यास,कंधारा मोहल्ला से पीडी मीना के घर की ओर सड़क का शिलान्यास,सतानन्द कॉलोनी से आमबाली ढाणी (सतानंद मार्ग) की ओर सड़क का शिलान्यास,निर्गुण दरबार वाली सड़क का शिलान्यास (निर्गुण मार्ग),मण्डावर मार्केट से बाईपास तक सड़क का शिलान्यास किया।उन्होंने कहा क्षेत्र का विकास मेरा परम धर्म है और मैं लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने और क्षेत्र में बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत हूं। इस दौरान विधायक हुड़ला का जगह-जगह फूल माला और साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

चिंतन

राष्ट्र को खुशहाली के रंग में रंगने का लें संकल्प

आज जब देश होली के रंग में सराबोर है, समाज से लेकर सियासत तक के रंग बदले हुए हैं। प्रेम, भाईचारे और खुशी का संदेश देने वाले रंगोत्सव के मौके पर अगर हम अपने समाज और देश को देखें तो सकारात्मक से अधिक नकारात्मक रंग हैं। समाज में जातिगत भेदभाव गहरे हो रहे हैं, सांप्रदायिक विभाजन बढ़ा है, क्षेत्रीय अस्मिता की जंग तेज हुई है, स्त्री-पुरुष असमानता बढ़ गई है, लोगों की सहनशीलता कम हुई है, परिवार तंत्र पर खतरा बढ़ा है, सामाजिक संबंध कमजोर हुए हैं, पति-पत्नी के रिश्ते दरक रहे हैं, तलाक के मामले बढ़ रहे हैं, जीवन के प्रति असुरक्षा का भाव बढ़ा है। टेंशन व डिप्रेशन न्यू नॉर्मल बन रहे हैं। धार्मिक असहिष्णुता भी बढ़ती जा रही है। हिंदुओं के सिर कलम जैसी घटनाएं हुई हैं। धार्मिकता उन्माद के स्तर पर नजर आ रही है। आज 21वीं सदी के दो दशक बीतने के बाद भी मानव जीवन में सुकून देने वाली चीजें कम हो गई हैं। ऐसे में होली जैसे सांस्कृतिक मदनोत्सव की प्रासंगिकता बढ़ गई है। होली के दिन कम से कम आपसी बैर भुलाकर लोगों को एक-दूसरे के साथ खुशी बांटने का अवसर तो मिलता है। देश में राजनीतिक वैमनस्यता भी चरम पर है। विपक्षी दल सत्तापक्ष के नेताओं को लेकर इस कदर असहिष्णु हैं कि अपने बयानों में सभी मर्यादाएं लांघ जा रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के लिए अपशब्द कहने में कांग्रेस नेता सीमाएं पार कर चुके हैं। हाल में समूचे देश ने देखा। राहुल गांधी विदेश की धरती से चीन की शान में कसीदे पढ़ते दिखे हैं। आम आदमी पार्टी के नेता व दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के शराब नीति घोटाले में पूछताछ होने के हिरासत में जाने पर विपक्ष को देश में लोकतंत्र खतरे में दिखने लगता है। नौ विपक्षी नेताओं ने खुला पत्र लिखकर पीएम मोदी शासन में लोकतंत्र के तानाशाही में बदलने का आरोप मढ़ दिया है। नौकरी के बदले जमीन मामले में लालू यादव परिवार के सदस्यों से जांच एजेंसी की पूछताछ पर बिहार के डिप्टी सीएम व राजद नेता तेजस्वी यादव भाजपा पर भड़के हुए हैं। विपक्षी दलों की ओर से मोदी विरोधी मोर्चा तैयार करने के लिए कोशिश पर कोशिश हो रही है। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजनीतिक प्रयोग के जाल में फंसते दिख रहे हैं, इसलिए उनकी सार्वजनिक खीझ निकल रही है। मेघालय, त्रिपुरा व नगालैंड में भाजपा व उनके सहयोगियों की सरकार बनने से विपक्षी दलों पर हताशा का रंग है। अभी इस साल और भी विधानसभा चुनाव होने हैं और अगले साल भी लोकसभा के साथ कई राज्यों के विधानसभा चुनाव होने हैं। इस कारण अभी देश में अगले डेढ़ साल तक चुनावी रंग के हावी रहने के आसार हैं। भाजपा के खिलाफ अनेक रंगों में बंटे विपक्ष के क्या रंग होंगे, अनुमान मुश्किल है। विपक्ष के रंग पर ही भाजपा के रंग भी दिखेंगे। फिलहाल सबसे अनुशासित व सांगठनिक पार्टी भाजपा के सामने चुनौती के कोई रंग नहीं दिख रहे हैं। भाजपा के ही रंग देश के रंग हैं। विदेशों में भी भारत के रंग अधिक प्रभावी दिख रहे हैं। रूस व यूक्रेन के बीच जारी जंग को खत्म कराने में भारत से अहम भूमिका निभाने की उम्मीद की जा रही है। अर्थव्यवस्था बेशक सुस्त हो, फिर भी सबसे तेज गति से बढ़ने वाली भारतीय अर्थव्यवस्था ही है। देश के आर्थिक रंग सुनहरे प्रतीत हो रहे हैं। इस होली पर हम खुशहाल समाज व राष्ट्र बनाने का संकल्प लें और समाज व राजनीति को बदरंग होने से बचाएं।

विश्व महिला दिवस
डा. ऐश्वर्या झा

समानता-सुरक्षा के प्रश्न शेष

> अनेकानेक कानून बनाए जाने के बाद भी महिलाओं की स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। आज भी महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक भागीदारी के अवसर समान नहीं हैं। शैक्षिक उपलब्धियों, स्वास्थ्य और जीवन प्रत्याशा तथा राजनीतिक सशक्तीकरण के सूचकांकों में भी महिलाओं का प्रतिनिधित्व समुचित अनुपात में नहीं हुआ है। विश्व की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाएं विश्व के हर कोने में नेतृत्व के स्तर पर कम ही आंकी गई हैं या यूं कहें कि उनकी नेतृत्व क्षमता पहचानी ही नहीं गई है। यह सही है कि देश में स्त्रियों की स्थिति ज्यादा तेजी से बदली है, लेकिन एक सभ्य समाज में स्वाभिमान व स्वतंत्रता के साथ जीना आज भी स्त्रियों के लिए एक सपना ही है।

शताब्दियों से स्त्री विचार के केंद्र में रही है। स्त्री सशक्तीकरण, स्त्री विमर्श, स्त्रीत्ववाद पता नहीं स्त्री सम्बंधित कितने चिंतन। प्रश्न यह उठता है कि इन विमर्शों से समाज में आधी आबादी को समुचित स्त्री अधिकार,सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में परिवर्तन, राजनीतिक भागीदारी मिली या ये सिर्फ बहसों और नारों तक ही सीमित रहा है। हाल के कुछ दशक में महिलाएं सफलता, उन्नति, और विकास की नई ऊँचाई की ओर तेजी से अग्रसर हुई हैं। 21 वीं सदी की वैश्विक व्यवस्था में बदलाव की गति तीव्र है तो स्त्री विमर्श, बहसों और नारों में अपेक्षित बदलाव की आवश्यकता है। समय के अनुरूप स्त्री विमर्श के केंद्र में बदलाव होना चाहिए। आज सती प्रथा, विधवा या बाल विवाह विमर्श के विषय नहीं रहे। अब समानता, संसाधन आवंटन में भागीदारी एवं लिंग-उत्तरदायी समावेशी विकास आदि बिंदु विमर्श के केंद्र में हैं। विश्व भर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के माध्यम से समाज में महिला सशक्तीकरण, जागरुकता और समान अधिकार को बढ़ावा, उनके विकास की प्रतिबद्धता दोहराने एवं महिलाओं को आभार प्रकट करने का दिन होता है। 21 वीं सदी में महिलाओं की भलाई तभी हो सकती है जब उनका आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक समावेशन हो, न्याय के क्षेत्र में औपचारिक कानून और अनौपचारिक भेदभाव ना हो एवं व्यक्तिगत समुदाय और सामाजिक स्तरों पर सुरक्षा हो। इन तीन आयामों पर केंद्रित एक सूचकांक जॉर्जटाउन इंस्टीट्यूट फॉर वुमेन, पीस एंड सिक्योरिटी ने द पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ ओस्लो के सहयोग से महिला, शांति और सुरक्षा सूचकांक (Woman, Peace and Security Index) के तीसरे संस्करण में के भारत 170 देशों में 140 वें स्थान पर रहा।

अनेकानेक कानून बनाए जाने के बाद भी महिलाओं की स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। आज भी महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक भागीदारी के अवसर समान नहीं हैं। शैक्षिक उपलब्धियों, स्वास्थ्य और जीवन प्रत्याशा तथा राजनीतिक सशक्तीकरण के सूचकांकों में भी महिलाओं का प्रतिनिधित्व समुचित अनुपात में नहीं हुआ है। विश्व की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाएं विश्व के हर कोने में नेतृत्व के स्तर पर कम ही आंकी गई हैं या यूं कहें कि उनकी नेतृत्व क्षमता पहचानी ही नहीं गई है। समाज में शिक्षित,कामकाजी स्त्री ने अपने लिए जरूर एक अलग पहचान बनाई है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के पक्ष में बड़ी-बड़ी बातें कहीं जाती हैं। कुछ चर्चित महिलाओं की सफलता की मिसाल देकर लोग यह कहते नहीं थकते कि सशक्तीकरण तेजी से हो रहा है, उनके हाथ में निर्णायक ताकत आ रही है, वे उन सारे क्षेत्रों में सफल हो रही हैं जिन पर अब तक पुरुषों का वर्चस्व रहा है। यह सही है कि देश में स्त्रियों की स्थिति पुरुषों के मुकाबले ज्यादा तेजी से बदली है, लेकिन एक सभ्य समाज में स्वाभिमान व स्वतंत्रता के साथ जीना आज भी स्त्रियों के लिए एक सपना ही है।

संसद में महिलाओं का अपर्याप्त प्रतिनिधित्व चिंतनीय है। लोकसभा में कुल सांसदों का केवल 14.4

फीसदी एवं राज्यसभा में 10.4 फीसदी हिस्सेदारी है। ये आंकड़े आज तक के सबसे अधिक हैं, किंतु भारत महिला सांसद के प्रतिनिधित्व के मामले में 189 देशों के बीच 142वें पायदान पर है। 1993 में संविधान के तिहत्तरवें -चौहत्तरवें संशोधन द्वारा पंचायतों नगर निकायों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था करना महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम था, अब ये संख्या 45 -50 % पहुंच चुकी है। किंतु दूसरी तरफ़ राजनीतिक पाखंड ये भी है कि सत्ताधीशों ने पंचायत चुनाव में करीब-करीब सभी राज्य में महिला आरक्षण तो लागू कर दिया, किन्तु विधानमंडल व संसद में नहीं लागू किया है। संसार के चाहे विकसित देश हों या विकाशील देश महिला के प्रति जन्म पूर्व से ही भेदभाव होता है। महिलाओं के खिलाफ भेदभाव दुनिया में हर जगह प्रचलित है। 193 देशों में से केवल 28 देशों में सरकार की मुखिया या राष्ट्राध्यक्ष महिला हैं। केवल 14 देशों के कैबिनेट में 50 प्रतिशत महिला की भागीदारी है। केवल 5 देशों में 50 प्रतिशत महिला सांसद हैं। वैश्विक स्तर की बात करें तो केवल 26 प्रतिशत महिलाएं सांसद हैं।

इसी तरह, फॉर्च्यून 500 कंपनियों में केवल 47 कंपनी में महिला सीईओ हैं। तमाम दावों के विपरीत महिला सशक्तीकरण अथवा महिला विकास अभी दूर की कौड़ी है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम द्वारा प्रकाशित ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2022 के अनुसार, भारत की स्थिति निराशाजनक है। 156 देशों में से भारत 135 वें स्थान पर है। दक्षिण एशिया में केवल ईरान (143), पाकिस्तान (145) और अफगानिस्तान (146) का प्रदर्शन भारत से भी खराब है। भारत की स्थिति अपने पडोसी देशों बांग्लादेश (71), नेपाल (96), श्रीलंका (110), मालदीव (117) और भूटान (126) से पीछे है।

वैश्विक स्तर पर सतत विकास लक्ष्य एसडीजी-5 का उद्देश्य महिलाओं और लड़कियों को समान अधिकार, कार्यस्थल पर भेदभाव या किसी और हिंसा सहित भेदभाव के बिना मुक्त रहने के अवसर प्रदान करना है। यह लैंगिक समानता हासिल करने और सभी महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए है। महिला सशक्तीकरण के लिये प्रयासरत यूएन संस्था और संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की है, जो दर्शाती है कि यदि पूर्ण लैंगिक समानता हासिल करने की दिशा में प्रगति की मौजूदा रफ़्तार ही जारी रही, तो इस लक्ष्य को पाने में क़रीब 300 साल लग सकते हैं। महिला के विरुद्ध लिंग केंद्रित हिंसा बड़ी समस्या है, इन हिंसा को करने वाले महिला के अपने ही होते हैं , ये वही लोग है जो आज उन्हें महिला दिवस पर पार्टी या शुभकामनाये दे रहे होंगे। विश्व भर में हर तीन में से एक 15 साल से अधिक उम्र की महिला, किसी न किसी रूप में हिंसा का शिकार हुई है। संयुक्त राष्ट्र (यू.एन. वूमेन) के आंकड़ों के अनुसार महिलाओं के खिलाफ हिंसा के 74 करोड़ से भी अधिक मामले प्रकाश में आये हैं।

आज दुनिया भर में आधी से अधिक आबादी शहरों में रहती है, लेकिन आज भी शहरी विकास के नीति निर्धारण में महिलाओं के दृष्टिकोण और उसकी ज़रूरतों को कोई ख़ास तवज्जो नहीं दिया जाता है। शहर के जीवन शैली अनुरूप महिलाओं के लिए शौचालय, पानी, स्वास्थ्य और स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाएं आसानी से सुलभ होनी चाहिए, लेकिन इन संसाधनों में बड़े पैमाने पर लैंगिक असमानताएं दिखती हैं। भारत इस वर्ष जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है, वह लिंग-उत्तरदायी शहरों के निर्माण में एक बड़ी भूमिका निभा सकता है। बीजिंग फ्रेमवर्क में माना गया है कि पुरुषों की भागीदारी इसलिए जरूरी है क्योंकि इसके जरिये ही उन संस्थानों को चुनौती दी जा सकेगी जो पुरुषों को विशेष अधिकार प्रदान करते हैं और यही असमानता खत्म करने का एक प्रमुख साधन बन सकता है।

(लेखिका स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज, डीयू के हिंदी विभाग में सहायक आचार्य हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विशेष

डॉ विवेक आर्य

होली : एक यज्ञीय पर्व

आज होली पर्व है। होली सांस्कृतिक उत्सव है। इस पर्व का प्राचीन नाम वासन्ती नव सस्येष्टि है अर्थात वसन्त ऋतु के नये अनाजों से किया हुआ यज्ञ। होली होलक का अपभ्रंश है। तिनके की अग्नि में भुने हुए (अधपके) शमी-धान्य (फली वाले अन्न) को होलक कहते हैं। यह होलक वात-पित्त-कफ तथा श्रम के दोषों का शमन करता है। हमारी संस्कृति यज्ञीय है। इसी का अनुसरण करते हुए हम प्रतिवर्ष सामूहिक यज्ञ के रूप में होली रूपी विशाल यज्ञ को सम्पन्न करते आए हैं। यह यज्ञ एक बड़े सामूहिक यज्ञ से आरम्भ होता है और उसी यज्ञ से अग्नि लेकर हम घरों में छोटे-छोटे हवन करते थे। इससे घर की वायु शुद्धि होती है। ऋतुओं के मिलने पर रोग उत्पन्न होते हैं। उनके निवारण के लिए यह यज्ञ किये जाते थे। यह होली हेमन्त और बसन्त ऋतु का योग है। परमात्मा ने सभी प्राणियों को यह सुन्दर सृष्टि बिना किसी शुल्क के सदुपयोग के लिए दी है। अन्य प्राणी इसको गंदा नहीं करते। मनुष्य ही इसको विकृत करता है। इस सारे संसार को रहने के योग्य बनाए रखना मनुष्य का ही दायित्व है। मनुष्य ही यह कर सकता है। इसको स्वच्छ शुद्ध बनाए रखने के लिए जितने भी उपाय हो सकते हैं, उनका सम्मिलित नाम यज्ञ है। इसलिए हमारे बुद्धिमान पूर्वजों ने हमारे सांस्कृतिक पर्वों को, हमारे उल्लास को, हमारे पारिवारिक व सामाजिक उत्सवों को, मांगलिक कार्यों को यज्ञ से जोड़ दिया। जैसे जैसे कथित प्रगति हो रही है, वह मनुष्य को विलासी बना रही है। विलास ही विनाश का कारण बनता है। इसका अर्थ यह नहीं है कि भौतिक उन्नति नहीं होनी चाहिए। बात यह है कि संतुलन होना चाहिये। मनुष्य को यह ज्ञान होना चाहिए कि यह सांसारिक उन्नति उसके सहयोग के लिए है। सुविधा के साधन किसके लिए हैं और जिसके लिए हैं उसे करना क्या है? उसके जीने का उद्देश्य क्या है? यह जाने बिना सुविधा के साधन मनुष्य के मित्र नहीं शत्रु बन जाते हैं। इस संतुलन को यज्ञ की भाषा में संगति करण कहा जाता है। जैसे सभी नद नाले अन्ततः समुद्र में ही जाकर गिरते हैं, उसी तरह हमारे जीवन के सभी क्रियाकलापों का, पुरुषार्थ का समायोजन हमारे जीवन के उद्देश्य में होना चाहिए। उदाहरण के लिए हम कमाते हैं तो उसका उद्देश्य शरीर का पालन पोषण करना और उस शरीर के द्वारा धर्म अर्थ काम मोक्ष के लिए पुरुषार्थ करना होना चाहिए। कमाने वाले को इसका ज्ञान भी होना चाहिए और ऐसा ही करना भी चाहिए। तब उसका कमाना भी यज्ञ ही हो जाता है, इसी को संगति करण कहते हैं। यह संगति करण पांचों यज्ञों में होता है। इस सृष्टि का कण-कण उपयोगी है। उनको देव नाम दिया गया है। समय के प्रवाह में शब्द बदले हैं तो उनके अर्थ भी बदले हैं। आज देव शब्द का सामान्य सा अर्थ यह हो गया है कि देव है तो उसके आगे हाथ जोड़कर तो निकलना ही है। यह देव शब्द जिस 'दिवु' धातु से बना है उसके दस अर्थ होते हैं। मोटे रूप में संसार के जितने भी उपयोगी पदार्थ हैं वे देव हैं। अब ये देव जड़ भी है चेतन भी हैं। सजीव भी हैं निर्जीव भी हैं। आज ये सारे देव नाराज हैं। हमारे भाइयों को लाखों किलोमीटर दूर ब्रह्माण्ड में घूम रहे ग्रहों के कुपित होने की तो चिन्ता है, हमारे आसपास के देवताओं के कुपित होने की चिन्ता नहीं है। प्रगति की अंधी दौड़ में भूमि विकृत हो गई, हवा विकृत हो गई, जल दूषित हो गया। यह सन्तोष की बात है कि अब बुद्धिमान लोगों को यह चिन्ता होने लगी है कि यह सब जो बिगाड़ा गया है, यदि ठीक नहीं किया गया तो विनाश हो जाएगा। लेकिन पर्यावरण को शुद्ध करने का सर्वश्रेष्ठ और सम्पूर्ण तरीका हवन है। जड़ देवताओं के नेता अग्नि को श्रेष्ठ पदार्थ देने से वे सब देवताओं को मिल जाते हैं। अग्नि को दिये बिना वे खा नहीं सकते हैं। जठराग्नि न हो तो हम भी नहीं खा सकते। यह बिल्कुल व्यावहारिक विधि है। जिसके पास जिस वस्तु की कमी है, उसे वह दे दो। बच्चा भी इस बात को समझ सकता है। पुष्टि चाहिए तो पुष्टिकारक पदार्थ दे दो। दुर्गन्ध दूर करनी है तो सुगन्धित पदार्थ दे दो। आपने कभी बन्दरों को देखा! खाने के पदार्थ पर एक बड़ा बन्दर कब्जा कर लेता है, कमजोर देखते रह जाते हैं। क्या मनुष्य बन्दर की ही औलाद है? कोई मनुष्य भूख से तड़प रहा है, आप पकवान खा रहे हैं! किसी के तन पर वस्त्र नहीं, रहने को झोंपड़ी नहीं! आप विलासिता पूर्ण जीवन जी सकते हैं? इसका समाधान यज्ञीय भावना है। अकेला खाने वाला पापी होता है। यज्ञ कहता है दूसरों को खिलाकर खाओ। अन्न ही तो है सम्पत्ति। इसलिए हमारे पूर्वजों ने दोनों मुख्य फसलों के आगमन पर यज्ञ का विधान किया। दीवाली और होली। पहले यज्ञ करो, जड़ देवताओं को खिलाओ। फिर चेतन देवों को बांटो। फिर स्वयं खाओ। तब सभी देवता प्रसन्न होंगे; कहीं अज्ञान, अभाव और अविद्या का नाम नहीं रहेगा और यह सृष्टि हमारे रहने का स्थान सुन्दर और पवित्र रहने के योग्य बना रहेगा। आइये सब मिलकर होली के अवसर पर यज्ञ भावना से अपने जीवन को जीने का संकल्प ले।

श्रीकृष्ण नाम संकीर्तन

संकलित
दर्शन

श्रीकृष्ण नाम संकीर्तन के संबंध में श्रीमन्महाप्रभु का प्रथम ही आदेश है- चेतोदर्पणमार्जनं भवमहादावाग्निनिर्वापणं श्रेयःकैरवचंद्रिकावितरणं विद्यावधूजीवनम। आनंदाम्बुधिवर्द्धनं प्रतिपदं पूर्णामृतास्वादनं सर्वात्मस्नपनं परं विजयते श्रीकृष्णसंकीर्तनम।। अर्थात जो चित्तरूप दर्पण का मार्जन करता है, संसार रूप महादावाग्नि का शमन करता है, श्रेयरूप कुमुद को विकास करने वाली चंद्रिका का प्रकाश करता है, विद्यावधू का जीवन है, आनंदसिंधु को बढ़ाने वाला है, प्रतिपद में पूर्णामृत का आस्वादन देता है एवं आत्मा को सर्व प्रकार से निमग्न करता है, ऐसा श्रीकृष्ण नाम संकीर्तन परम विजय को प्राप्त हो। तात्पर्य यह कि संसार में पारमार्थिक सिद्धि के जितने भी साधन प्रचलित हैं, उन सब पर सम्यक प्रकार से किया हुआ श्रीकृष्ण कीर्तन ही सर्वोत्कृष्टता को प्राप्त हो। श्रीकृष्ण परम साध्य हैं, उसी प्रकार नाम कीर्तन परम साधन है। इस परम साधन की सात भूमिकाएं हैं। प्रथम भूमिका है- चित्तरूप दर्पण का मार्जन होना। स्वच्छ दर्पण में ही हमारा मुख यथावत दिखायी देगा, मलिन दर्पण में नहीं। चित्त की दर्पण से तुलना की गई है। आत्मस्वरूप ज्ञान के विषय में उपनिषद में लिखा है- चेतसा वेदितव्यः। चित्त दर्पण जब प्राकृतिक मलिनता से आवृत होता है, तब उसमें देहाभिमानयुक्त अशुद्ध अहंकाररूप आत्मा का मलिन स्वरूप प्रतिबिंबित होता है। श्रीकृष्ण संकीर्तन से चित्त की मलिनता का मार्जन हो जाता है।

अपने रूप, रंग या गुण पर घमंड ना करें



संकलित
प्रेरणा

एक समय की बात है एक बार दांत और जीभ में भयंकर युद्ध छिड़ गया। दांत ने जीभ से कहाः अरे! तुम सिर्फ माँस के लोथड़े हो। तुममें तो कोई भी खुबी नहीं है। न ही तुम्हारा कोई रूप है और न ही कोई रंग। हमारे सभी दाँत को देख रहे हो कैसे मोतियों की भाँति चमक रहे हैं। जीभ बेचारी ने कुछ भी नहीं कहा और वह चुप रही। दाँत ने फिर जीभ से कहाः अरे, तुम चुप क्यों हो! हमसे डर रही हो क्या? हम हैं ही इतने सुंदर तुम हमसे जलोगी ही ना और हम हैं इतने मजबुत कि डर तो तुम्हें आयेगी ही- जीभ, दांत की बातों को अनसुना करते हुये चुप रही। दिन बीतते गये, समय अपनी रफ्तार के साथ आगे बढ़ता गया और देखते ही देखते कई माह और वर्ष बीत गये। अब उम्र ढलने के साथ-साथ, धीरे-धीरे करके एक-एक दांत गिरते गये लेकिन होना क्या था जीभ वहीं ज्यों की त्यों बनी रही। अब कुछ बचे हुए दाँत जब गिरने को हूये, तब जीभ ने दांत से कहाः भैया बहुत दिन पहले आपने मुझसे कुछ कहा था। आज उन सबका उत्तर दे रही हूँ। इंसान के मुँह में आप सब दाँत मुझसे बहूत बाद में आये हैं। मै तो जन्म के साथ ही पैदा हूई हूँ। अब आयु में भी तुम मुझसे छोटे हो लेकिन छोटे होने के बावजुद भी एक-एक करके तुम सब मुझसे पहले विदा हो रहे हो! इसका कारण पता है? दांत ने जीभ से अब विनम्र भाव से बोलाः दीदी अब तक तो नहीं समझते थे पर अब बात समझ में आ गई। तुम कोमल और मुलायम हो और हम कठोर हैं। कठोर होने का दंड ही हमें मिला है।

संविधान ही एक मात्र ऐसा ग्रंथ है जिसमे महिला एवं पुरुष में किसी प्रकार का भेद नहीं किया गया है : डांगी

अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविधालय रायपुर में विधि संकाय के छात्रों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी एवं राज्य पुलिस अकादमी के निदेशक डांगी ने यह बात कही है। उन्होंने संबोधित करते हुए "अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर समस्त महिला शक्ति को बधाई एवम् प्रणाम " कहा साथ ही कहा कि हर व्यक्ति को अपने आप से सवाल जरूर पूछना चाहिए कि आखिर महिला दिवस मनाने की आवश्यकता क्यों पड़ी ? क्या महिला के बिना इस मानव जाति का अस्तित्व संभव है ? जिस महिला शक्ति के बिना मानव जाति की कल्पना नहीं की जा सकती वह महिला शक्ति सदियों से अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है और हर युग में उसके साथ छल ही हुआ है ' छल भी उसके अपनों ने ही किया है ' वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक महिलाओं की स्थिति में उतार-चढ़ाव रहा है ' वैदिक काल में महिलाओं की स्थिति काफी हद तक ठीक थी लेकिन उत्तर वैदिक काल से ही उनकी समाज में स्थिति उत्तरोत्तर खराब ही होती गई स्त्री को शूद्र की कैटेगरी में रखा गया ' उनको भी शूद्रों की तरह न तो शिक्षा का अधिकार था और न हीं सामाजिक व्यवस्था में सम्मान ' उनके साथ दोयम दर्जे का बर्ताव किया जाता था ' मनुस्मृति में महिलाओं के लिए बहुत निम्न किस्म की शब्दावली का प्रयोग किया गया है एवं स्त्री को पुरुष की दासी के रूप में स्थापित किया गया है ' उन्होंने संविधान का महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि देश में यदि महिलाओं

को गरिमा पूर्ण स्थान समाज में दिया है तो वो मात्र देश का संविधान ही है। देश का संविधान ही एक मात्र ऐसा ग्रंथ है जिसमे महिला एवं पुरुष में किसी प्रकार का भेद नहीं किया गया है क हमारे देश का जितना नुकसान लैंगिक भेदभाव ने किया है, शायद ही किसी और कारण ने किया हो कक्यूंकि लैंगिक भेदभाव राष्ट्र में सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक अंतर ले आता है जो देश को पीछे की ओर ढ़केलता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए संविधान निमार्ताओं ने विशेषकर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने लैंगिग भेदभाव को संविधान में कहीं पर भी स्थान नहीं दिया है क उनका कहना भी था की ह्लमैं किसी समुदाय की प्रगति उस समुदाय की महिलाओं की प्रगति के आधार पर मापता हूं।ह्व इसीलिए संविधान में लिंग भेद का कोई स्थान नहीं है क यानि महिलाओं को भी वो सब अधिकार दिए है जो पुरुषों को दिए क जिस दिन हमारे देश की हर महिला शक्ति भारत के संविधान को सुबह-शाम पढ़ना शुरू कर देगी उस दिन से उसे सभी प्रकार के शोषण से मुक्ति का रास्ता मिल जाएगा एवं उसे आगे बढ़ने और देश के निर्माण की भागीदारी से कोई नहीं रोक पाएगा। संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों का ही कमाल है की आज हर क्षेत्र में महिला शक्ति ने अपना लोहा मनवाया है ' उनका कहना है कि महिलाएं चाहे वो देश की राष्ट्रपति हो, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मंत्री, न्यायाधीश, आई ए एस, आई पी एस, वैज्ञानिक, डॉक्टर, अंतरिक्ष, सेना ऐसा कोई क्षेत्र नहीं बचा है जहां महिलाओं ने संविधान द्वारा दिए अधिकारों से प्राप्त अवसर मिलने से यह साबित कर दिया कि कोई भी व्यक्ति किसी से कम नहीं होता है वो सब कर सकता है यदि उसे अवसर दिया जाए। कहा भी गया है की यदि किसी देश को विकसित करना है तो लोगों को जगाना होगा और ह्ललोगों को जगाने के लिये, महिलाओं का जागृत होना जरुरी है। एक बार जब वो अपना कदम उठा लेती है, परिवार आगे बढ़ता है, गाँव आगे बढ़ता है और राष्ट्र विकास की ओर उन्मुख होता है।ह्व भारत में, महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये सबसे पहले समाज में उनके अधिकारों और मूल्यों को क्षति पहुंचाने वाले उन सभी राक्षसी सोच को मारना जरुरी है जैसे दहेज प्रथा, अशिक्षा, यौन हिंसा, असमानता, भ्रूण हत्या, महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा, बलात्कार, वैश्यावृति, मानव तस्करी और भी ऐसे ही दूसरे विषय। इस तरह की बुराईयों को मिटाने के लिये एवं भारत के संविधान में उल्लिखित समानता के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए महिलाओं को सशक्त बनाना सबसे प्रभावशाली उपाय है । लैंगिक समानता को प्राथमिकता देने से ही पूरे भारत में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। महिला सशक्तिकरण के उच्च लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये इसे हर एक परिवार में बचपन से प्रचारित व प्रसारित करना होगा। केवल शिक्षित व्यक्ति ही अपने अधिकारों को जान सकता है इसलिए यह जरूरी है की हर बेटी को पढ़ने का मौका समाज को देना होगा कमजबूत समाज एवं राष्ट्र के लिए ये जरुरी है।

ट्रेंड

लैंगिक असमानता बड़ा सवाल

लैंगिक असमानता शक्ति का प्रश्न है। हमें 3 तरीकों से शक्ति की बराबरी करनी चाहिए। लड़कियों के लिए शिक्षा, आय और रोजगार बढ़ाना। विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नेतृत्व को बढ़ावा देना। सभी के लिए एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण बनाना।
-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

डब्ल्यूएफपी काम कर रहा

अधिक नौकरियां, अधिक भोजन, अधिक आशा: ठीक यही बात है। डब्ल्यूएफपी लचीलापन कार्यक्रम दुनिया भर में वितरित कर रहे हैं। देखें कैसे डब्ल्यूएफपी द अफ्रीका सहेल के परिवारों के लिए एक उज्जवल भविष्य के लिए काम कर रहा है।
-डेविड ब्यासली, डब्ल्यूएफपी चीफ

बेदाग हो जाते

भाजपा वाले कहते हैं कि कोई क़ानून से ऊपर नहीं है लेकिन शायद उनके नेता और मित्र क़ानून से ऊपर हैं? क्योंकि ईडी, सीबीआई, आईटी का छापा सिर्फ़ विपक्ष पर होता है। वहीं 'दागी-अपराधी' भाजपा के वाशिंग-मशीन में धुलकर बेदाग हो जाते हैं।
-कन्हैया कुमार, कांग्रेस नेता

आगे बढ़ने की जरूरत

यूरोजोन सीपीआई 8.6% रातोंरात दर 3.25%, यूएस सीपीआई 6.40% फेड फंड्स दर 4.75, भारत सीपीआई 6.50% रेपो रेट 6.50% मुद्रास्फीति की लड़ाई बनाम दूसरों पर भारत को आगे दिखाता है। लेकिन दुनिया को महंगाई, वास्तविक ब्याज दरों से आगे ब्याज दरों की ओर बढ़ने की जरूरत है! **-उदय कोटक, उद्योगपति**

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

राजस्थान के कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली ने अपने कार्यालय पर मनाई होली

बड़ी संख्या में पहुंचे चाहने वाले, मंत्री जूली ने किया डांस साथ ही गया गाना

गरीबों का सितारा

युवराज शर्मा, अलवर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता एवं कारागार विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने कहा

कि एक दूसरे के प्रति करूणा रखकर भाईचारे, प्रेम, शांति और सद्भावना के साथ होली रंगोत्सव का यह त्योहार मनाया गया। होली के रंगों की तरह ये रंग हमारे जीवन में भर जाए कि आने वाला समय हम सभी को आपस में प्यार, प्रेम से शामिल रहे। मंत्री जूली मंगलवार को धुलण्डी के अवसर पर मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर जिले एवं अलवर ग्रामीण विधानसभा से आए हुए लोगों के साथ होली मिलन समारोह कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के साथ फूल व तिलक की होली खेलकर रंगो का यह त्यौहार मना रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें आपसी सौहार्द्र से होली का यह पर्व मनाना चाहिए। हमारे देश में जितने भी त्यौहार है सभी त्यौहारों का अपना अलग महत्व है। इस त्यौहार का भी अपना महत्व है। उन्होंने लोगों से रंगों के इस त्योहार पर पानी को बचाते हुए गुलाल की होली और सूखी होली खेलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने जिलें एवं ग्रामीण विधानसभा से आए लोगों को बधाईयां दी।

रंगोत्सव पर आमजन के साथ जमकर झूमे मंत्री जूली

होली के पावन पर्व पर मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर जहां बड़ी संख्या में लोगों का तांता लगा रहा वहीं मंत्री जूली ने रंगों का यह त्योहार अपने विशेष अंदाज में सेलिब्रेट किया। उन्होंने जहां प्रत्येक व्यक्ति को एक-एक कर गले लगकर बधाई दी वहीं रंग बरसे भीगे चुनर वाली पर जमकर डांस किया। उन्होंने तेरे जैसा यार कहां, कहां ऐसा याराना गाने के बोल को अपनी आवाज को देकर वहां उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मंत्री जूली ने समाज कल्याण विभाग व जेल विभाग के अधिकारी-कर्मचारी के साथ होली खेलकर शुभकामनाऐं दी। संभवतः ऐसा पहली बार हुआ कि जब कोई जेल मंत्री केन्द्रीय कारागृह में अधिकारियों एवं कर्मचारियों व बंदियों के साथ होली खेलने पहुंचे। मंत्री जूली के सहज स्वभाव को लेकर विभाग में चर्चा का विषय बना रहा। जेलकर्मियों द्वारा जेल के मुख्य द्वार से जूली का ढोल नगाडों के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंत्री जूली का माला व साफा पहनाकर अभिनन्दन किया गया। उन्होंने बंदियों को बुराई से दूर रहने एवं सदाआचरण के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में दिव्यांगजन भी मंत्री जूली को बधाई देने पहुंचे। सैकडों की संख्या में पहुंचे दिव्यांगों की टीम से मंत्री जूली ने सहजतापूर्वक गले मिलकर तिलक व फूलों की होली खेली।

स्वांग से दिया आपसी भाईचारे और जीवन में सकारात्मकता का संदेश

गरीबों का सितारा

रुपेश शर्मा, अलवर। शहर भर में लोगो ने जी भर ली कलाकारों के साथ सेल्फी और उत्साह से स्वांग का किया स्वागत पहल सेवा संस्थान

द्वारा निकाला जाने वाला नानक शाही स्वांग संरक्षक मनोज चौहान और सुनील चौधरी के नेतृत्व में आज काशीराम चौराहा से निकाला गया। जिसे अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, पवन जैन, दिनेश भार्गव, और समाज सेवी श्री कृष्ण गुप्ता सरस डेयरी के पूर्व चेयर मैन बन्ना राम मीना और भाजयुमो अध्यक्ष तरूण जैन ने झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वांग में सेठ का शंकर लाल सैनी, सेठानी संजना संजू

शर्मा, फकीर पप्पी शर्मा, और मुनीम नरेश सैनी ने किरदार निभाया। राधा कृष्ण की भूमिका में हरी कुमार और मोनू ने होली और धार्मिक गीतो पर नृत्य किया। और पूरे रास्ते फूलो की होली खेलते हुए होली की शुभकामनाएं दी। स्वांग में संवाद के माध्यम से सेठ और मुनीम के अलावा फकीर और सेठानी की चुहलबाजी ने शहरवासिया को गुदगुदाया। शहर भर में स्वांग का जगह जगह स्वागत किया गया। संस्थान अध्यक्ष जीतेंद्र गोयल ने कहा आज के इंटरनेट व चकाचौंध के जमाने मे जहां किसी के पास टाइम नही है वही होली पर पहल सेवा संस्थान द्वारा निकाले जाने वाला नानकशाही स्वांग कही ना कही पुरानी परंपराओं को जिंदा रखे हुए है जिसका शहर वासी दिल खोलकर स्वागत करते है ये स्वांग किसी जमाने में नागौर से निकलने वाला नानकशाही स्वांग जो कि सात सौ साल से भी ज्यादा पुराना है जिसे अलवर में सेठ - सेठानी स्वांग के नाम से प्रसिद्धि मिली है होली पर निकलने वाले इस स्वांग में होली की मस्ती के अलावा भरपूर मनोरंजन होता है जिसका शहर के लोगों को बड़ी बेसब्री से इंतजार रहता है स्वांग में एक सेठ होता है जिसकी एक सुंदर सेठानी होती है सेठ सेठानी को ऊंट पर बैठकर अपने मुनीम के साथ शहर में दुकानों पर तकाजा करने निकलता है जहा एक फकीर सेठानी की सुंदरता पर मोहित हो जाता है और सेठ से उसका मोल लगाने की कहता है बस इसी चुहलबाजी के साथ ये स्वांग गुदगुदाता है हर बार स्वांग के साथ कोई न कोई सामाजिक संदेश होता है और इस बार स्वांग में कलाकारों द्वारा सकारात्मकता और तनाव रहित जीवन जीने पर संदेश दिया। कार्यक्रम संयोजक नंदू बना और विजय कोली ने बताया कार्यक्रम का समापन कंपनी बाग में हुआ जहा कवि धीरज उपाध्याय ने होली पर हास्य कविता तुम भिगो तो सब भीगे रंगो की बौछार में सुना लोगो को गुदगुदाया। समापन पर अतिथियों द्वारा कलाकारों को स्मृति चिन्ह और शाल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला पार्षद गगन दीप सिंह, पार्षद हेतराम यादव, सतीश यादव, घनश्याम सोनी, देवेंद्र कौर, सुमन सीताराम चौधरी, शहर अध्यक्ष रवि यादव, पूर्व पार्षद लक्ष्मी कंवर, जगदीश सिंघल, सब्जी मण्डी समिति अध्यक्ष रमेश नरवानी, भाजयुमो महामंत्री भाविक जोशी, मोहन चौहान, चतर सिंह गुर्जर यशोधान पराशर, दीपक गुप्ता, प्रवीण अग्रवाल, सरजीत जाटव, अमित। कश्मीरी, नितिन कासलीवाल, कुशाल सैन, कमलकांत कन्नी आदि उपस्थित थे।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का किया गया सम्मान

राष्ट्रीय मानव अधिकार भ्रष्टाचार निवारण भारत संस्था द्वारा हुआ सम्मान

गरीबों का सितारा

रैणी (अलवर), महेश चन्द मीना। राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन की संभाग अध्यक्ष जरीना खान व जिलाध्यक्ष लक्की गोयल द्वारा अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पर करीबन 25 महिलाओं का माला पहना कर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। मंच संचालन संभाग महासचिव तमन्ना शर्मा द्वारा किया गया। संस्था द्वारा जिन महिलाओं का सम्मान किया गया वह अलग-अलग संस्थाएं एनजीओ महिला उत्पीड़न महिला को सिलाई बुनाई प्रशिक्षण देना आदि चलाती हैं इनका सम्मान किया गया उनके नाम चंदा बरवादिया चंदा शर्मा कुलदीप कौर प्रमिला गुप्ता रूपिंदर कौर तमन्ना शर्मा ज्योति गॉड ममता विजय राजेश्वरी नामा गरिमा शर्मा जरीना खान आदि महिलाओं का सम्मान किया गया। यह सारी जानकारी मिडिया को कोटा से जरीना खान द्वारा दी गई है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक दिन की विद्यालय में प्रिंसिपल बनी पूजा मीना

गरीबों का सितारा

रामगढ़ पचवारा। उपखंड के राणोली राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मे अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस

बुधवार को मनाया गया इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सूरजमल बुनकर ने बताया कि हमें महिला और पुरुष मे भेद नहीं करना चाहिए। समाज में महिलाओं की भूमिका सम्मानीय है। 'महिलाओं को सदैव सम्मान एव बराबरी का हक दिया जाना चाहिए। समाज में महिला पुरुष मे भेद की औछी मानसिकता का

परित्याग कर एक स्वस्थ समाज का निर्माण करने से देश प्रगति की ओर अग्रसर होगा। राणोली मैं महिला अंतर्राष्ट्रीय दिवस का दिन महिलाओं के सम्मान के लिए समर्पित दिन रहा महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में महिला अध्यापिका अनीता शर्मा आरती जांगिड़ मंजू देवी एवं राउमावि विद्यालय राजावतान की प्रधानाध्यापिका मंजेश मीना प्रेम देवी एवं कांता कांता देवी का प्रधानाध्यापक सूरजमल बुनकर ने शाँल उड़ाकर सम्मान किया और उनके कार्य व्यवहार एवं योगदान की सराहना की गई। कक्षा 8 की पूजा मीना अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विद्यालय की एक दिन की प्रिंसिपल बनी। और मोनिका, कोमल मीणा, मनीषा मीना, पूजा मीणा ने अध्यापकों की भूमिका निभाई। विद्यालय में बुधवार को प्रशासनिक एवं शिक्षा व्यवस्था को संभाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजय कुमार मीणा ने भी अपने विचार बताएं. इस दौरान गोपाल लाल मीणा उमाशंकर सैनी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

आर्य समाज द्वारा महर्षी दयानन्द सरस्वती 200 वी वर्ष जयंती पर रंगो के त्यौहार हर्षोल्लास के साथ संपन्न

गरीबों का सितारा

ब्यावर (अनिल सिखवाल)। आर्य समाज द्वारा महर्षी दयानन्द सरस्वती 200 वी वर्ष जयंती पर रंगो के त्यौहार होली महोत्सव को धूमधाम हर्षोल्लास के साथ बनाया गया होली के इस अवसर पर वैदिक होली तैयार की गई। मंत्री भूदेव आर्य ने बताया कि होली कार्यक्रम का शाम 8.30 बजे से आर्य समाज के बाहर चौराह पर मनाया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि - सुभाष नवाल, कोषाध्यक्ष, परोपकारणी सभा, अजमेर से पधारे। विधिवत शुभारंभ देव यज्ञ से किया गया। जिसमें मुख्य यज्ञमान सपत्नि- संजय - रश्मि बाहेती, दीपक - अदिति तोषनीवाल, राधव - सृष्टि भूतड़ा, ऋषभ - श्रद्धा हेड़ा वैदिक मंत्रों से व होली के विशेष मंत्रों द्वारा यज्ञ में अभिमन्यु गहलोत व अभय देव आर्य द्वारा आहुतियां डलवाई। तत्पश्चात होलीका जिसे गाय के उपलो द्वारा तैयार किया गया जिसमें कई

आयुर्वेदिक औषधियां डाली गई जैसे विशेष सामग्री, गाय का घी, गोमूत्र, कपूर, गोले, नीम के पत्ते, नागलमुथा, नीम गिलोय, आदि डाले गए वह रंगोली से श्रीमती तारा, जयंती धूत द्वारा बहुत सुंदर सजाया गया, यजमानों द्वारा वैदिक मंत्रों द्वारा होलिका दहन किया गया। होली के इस समारोह में प्रधान ओमप्रकाश नवाल, मंत्री भूदेव आर्य, विष्णुदेव आर्य, महेश गुप्ता, पंडित अमर सिंह वाचस्पति, राधाकिशन भूतडा, अभिमन्यु गहलोत, ओमप्रकाश काबरा अभयआर्य, संजय बाहेती, राजेंद्र काबरा, बृजेश मालू, वैभव तोषनीवाल, आभा मोनिका धुत, कुसुम मालू, मोनिका तोषनीवाल, दिव्या, जयति धुत, डॉक्टर सुलक्ष्मी तोषनीवाल, रीमा नवाल, विजय काबरा, सूर्यकांत चौधरी, आदि कई आर्य बंधु विद्यमान रहे।

होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

सयुंक्त वैश्य महासभा बुध विहार विजय नगर द्वारा दिनाक 07 मार्च को होली मिलन समारोह का राम वाटिका गार्डन में आयोजन किया

गरीबों का सितारा

युवराज शर्मा, अलवर। कार्यक्रम में अतिथि बनवारी लाल सिंघल (पूर्व विधायक), अजय अग्रवाल (पूर्व सभापति), के.के. अग्रवाल, नरेंद्र मोदी, संजय मोदी, डा. एम.सी. गुप्ता, डा. पंकज गुप्ता थे। महासभा के अध्यक्ष मोहन

स्वरूप अग्रवाल ने बताया की समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम अलावा भोजन की भी व्यवस्था की गई। ड्रोन द्वारा हवाई पुष्प वर्षा से सभी का अपनी और ध्यान आकर्षित किया गया। अंत में कार्यक्रम में शामिल सभी बच्चों को पारितोषिक वितरण एवम लक्की ड्रा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मंच संचालन सीमा गुप्ता द्वारा किया गया।

देवल को पीएचडी की उपाधि

गरीबों का सितारा

ब्यावर (अनिल सिखवाल)। राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर ने संदीप देवल पुत्र हरिराम देवल को डॉक्टर आफ फिलॉसफी की उपाधि प्रदान की है। इन्होंने अपना शोध कार्य "एंटीफर्टिलिटी एक्टिविटी ऑफ केसिया साइमिया (बार्क एक्सट्रक्ट) इन मेल एल्बीनो रेट" विषय पर किया। इन्होंने अपना शोध कार्य प्रोफेसर आर.एस. गुप्ता के निर्देशन

मे पूरा किया संदीप देवल वर्तमान में सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय के प्राणी शास्त्र विभाग में सहायक आचार्य के पद पर पदस्थापित है देवल को डॉ. की उपाधि प्राप्त होने पर प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र सिंह भाटी, एस.के. बिस्सू, जलालुद्दीन काठात, डॉ हरीश गुजराती, डॉक्टर नरेंद्र साद एचओडी जूलॉजी पूजा देवड़ा ने हर्ष व्यक्त किया है।

सितारा न्यूज ब्रीफ

महिला दिवस पर महिला कार्मिकों का हुआ सम्मान

गरीबों का सितारा

चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नगरपालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी व अधिशाषी अधिकारी जितेंद्र कुमार मीणा ने नगरपालिका व अग्निशमन विभाग में कार्यरत महिला कार्मिकों को सम्मान स्वरुप उपहार भेटकर कर महिलाओं के प्रति सम्मान भाव ब्यक्त किया ' इस मौके पर महिला कार्मिक कन्नूप्रिया बुटोलिया, सीमा सैनी, चंदा मीणा, रजनी कालीरावणा, स्नेहा, कोमल, सुधा शर्मा को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गयो इस मौके पर अधिशाषी अधिकारी जितेन्द्र कुमार मीणा, पार्षद महेश यादव, रमेश सैनी पार्षद प्रतिनिधि फिरोज नागोरी प्रह्लाद गुलियां, मुकेश सैनी, मौजूद रहे।

भीलवाड़ा मे टक्कर के बाद यात्रियों से भरी रोडवेज बस मे लगी आग

गरीबों का सितारा

भीलवाड़ा, प्रहलाद तेली। भीलवाड़ा जिले में कोटडी मार्ग पर आज उस समय एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया जब राजस्थान रोडवेज की एक बस बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद यात्रियों से भरी इस बस में आग लग गई इससे अफरा-तफरी मच गई इस हादसे में किसी यात्री की जान तो नहीं गई लेकिन बाइक सवार की मौत हो गई प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जयपुर से सांवरिया सेठ मंडपिया चलने वाली राजस्थान रोडवेज की बस आज दिन में अपने गंतव्य की ओर जा रही थी कि भीलवाड़ा कोटड़ी मार्ग पर हाथी भाटा के निकट रोडवेज की बस ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी इस हादसे में बाइक सवार की तो मौके पर ही मौत हो गई लेकिन इस भिड़ंत के बाद रोडवेज बस में आग लग गई इससे बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और अफरा-तफरी का माहौल हो गया तथा यात्री निकल निकल कर बस से बाहर आए वहां मौजूद ग्रामीणों ने भी यात्रियों को बाहर निकालने में मदद की घटना के बाद इस मार्ग पर दोनों और आवागमन बंद हो जाने से जाम लग गया घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची लेकिन तब तक बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई थी गनीमत तो यह रही कि समय रहते यात्रियों के सच्चे तो जाने और ड्राइवर की सूझबूझ तथा ग्रामीणों की मदद से सभी यात्रियों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रोडवेज बस में आग बाइक की टक्कर के बाद बाइक की पेट्रोल टंकी फटने के कारण लगना बताया जा रहा है हालांकि अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है वहीं दूसरी ओर हादसे में जिस बाइक सवार की मौत हुई उसका खबर लिखे जाने तक पहचान नहीं हो पाई थी।

रींगस थाने में बरसा रंग पुलिस ने खेली होली

गरीबों का सितारा

रींगस (अरविन्द कुमार)। होली पर्व पर आमजन की सुरक्षा में व्यस्त रही पुलिस ने दूसरे दिन जमकर होली खेली। थाना परिसर में पुलिस उप अधीक्षक विजय सिंह व सीआई हिम्मत सिंह के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने एक दूसरे के रंग गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। वहीं डीजे की धुन पर पुलिसकर्मियों ने जमकर ठुमके लगाए। सीआई हिम्मत सिंह ने बताया कि होली पर्व बड़े ही धूमधाम व शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया, आमजन की सुरक्षा में व्यस्त रही पुलिस ने दूसरे दिन थाना परिसर में होली खेली जहां पर कस्बे के प्रबुद्ध जनों सहित मीडिया कर्मियों ने भी रंग गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। पुलिस कर्मियों द्वारा रंगोत्सव का समापन रींगस भैरु बाबा की पूजा अर्चना करके किया गया जहां पर मंदिर कमेटी पदाधिकारियों ने सीआई हिम्मत सिंह के साफा बंधवा कर स्वागत किया।

डॉ बजरंग बावलिया उदयपुरवाटी सीएचसी में हुए पदस्थापित, कस्बे वासियों ने किया अभिनंदन

गरीबों का सितारा

रींगस (अरविन्द कुमार)। हाल ही में चिकित्सा अधिकारी पद पर चयनित हुए रींगस निवासी डॉ बजरंग बावलिया को प्रथम नियुक्ति उदयपुरवाटी सीएचसी में मिली है जो जनरल सर्जरी में कनिष्ठ विशेषज्ञ पद पर अपनी सेवाएं देंगे। शनिवार को डॉ बजरंग बावलिया के रींगस स्थित निवास स्थान पर रींगस ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष दुलाराम बावलिया के नेतृत्व में कस्बे वासियों ने साफा बंधवा कर, माला पहना कर व श्याम प्रतीक चिन्ह देकर अभिनंदन किया। डॉ बजरंग बावलिया ने अपनी इस सफलता का श्रेय पिता डॉ कल्लाराम बावलिया व बड़े भाई डॉ अशोक बावलिया को दिया है जिनके मार्गदर्शन से इस उपलब्धि को हासिल किया है। काबिले गौर है कि जनरल सर्जरी में कनिष्ठ विशेषज्ञ बने डॉ बजरंग बावलिया के बड़े भाई डॉ अशोक बावलिया आभावास पीएचसी में चिकित्सा अधिकारी पद पर सेवारत हैं इसी के साथ बहिन कांता बावलिया दादिया रामपुरा पीएचसी में फार्मासिस्ट पद पर कार्यरत हैं। पारिवारिक पृष्ठभूमि देखी जाए तो बावलिया परिवार के अनेक युवा चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। अभिनंदन समारोह के दौरान कस्बे के प्रबुद्ध जन मौजूद रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

ईएमआरएस पाटन मे विधार्थियो ने खेली होली और होलिका दहन भी किया स्कूल परिसर मे ही

सीबीएसई परीक्षाऐ चल रही हैं इसलिए ज्यादातर विधार्थियो ने मनाई होस्टल मे रहकर ही होली

सरपंच पाटन ने सरोज मीना ने भी ईएमआरएस पाटन मे आकर विधार्थियो के साथ खेली होली

गरीबो का सितारा

रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना। अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत पाटन मुख्यालय पर स्थित राजकीय एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल-पाटन मे विधार्थियो ने इस वर्ष होली का त्योहार होस्टल मे रहकर ही होस्टल वार्डन के साथ ही मनाया है क्योंकि इस समय सीबीएसई पैटर्न की सभी क्लासो की वार्षिक परीक्षाऐ चल रही है इसलिए ज्यादातर विधार्थी अपने घर पर नही गये और उन सबने सामुहिक रूप से होस्टल वार्डन के साथ होली का त्योहार सौहार्दपूर्ण होस्टल मे रहकर ही मनाया। इस दौरान स्थानीय सरपंच पाटन सरोज मीना ने भी ईएमआरएस पाटन मे आकर विधार्थियो के साथ मे होली खेली। सरपंच सरोज ने सोचा कि विधार्थी अपने परिजनो के पास मे नही गये है तो हम इनके परिजनो के रूप मे चलकर विधार्थियो के साथ होली खेलते है यह सोच सरपंच पाटन की विधार्थियो के प्रति एक सकारात्मक सोच दिखाई पड़ती है। मिडिया को यह सारी जानकारी स्थानीय प्रधानाचार्य सुआलाल मीना के द्वारा दी गई है।

मन्दिर प्रांगण में एकसाथ दागी सिर में 6 गोली

पुरानी रंजिश के चलते दोस्त ने मारी मून्ना खोहरी को गोली, विडिवो वायरल कर ली हत्या की जुम्मेदारी

गरीबो का सितारा

वी.पी.मीणा बहरोड़। क्षेत्र के खोहरी ग्राम में मंगलवार को गांव में स्थित हनुमान मंदिर पर वार्ड नंबर 4 के जिला परिषद के प्रत्याशी रहे संजय यादव उर्फ मुन्ना खोहरी को गांव के ही एक युवक सहित साथी बदमाशों ने मंदिर प्रांगण में एक साथ सिर में लगभग 5-6 गोलियों से हत्या कर दी गई। जिसे कस्बे के पार्क अस्पताल में ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास क्षेत्र में नाकाबंदी कर आरोपियों की तलाश में जुट गई। घटनास्थल पर मौजूद युवक संदीप उर्फ बच्चियां निवासी हमिंदपुर को पुलिस ने मौके से ही हिरासत में ले लिया है। जिससे पूछताछ जारी है। अन्य आरोपियों की पुलिस जीएसटी टीम 1-2 व पुलिस की अलग-अलग टीम गठित कर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

विडिवो वायरल कर मारने की ली जुम्मेदारी

घटना के लगभग 1 घंटे बाद अजय खोहरी के फेसबुक अकाउंट से लाइव करते हुए अपराधी अजय खोहरी व रवि उर्फ बुचिया निवासी बेगमपुर अटेली मंडी हरियाणा ने वीडियो के माध्यम से बताया कि इसने 2017 में मेरे साथ में गलत किया था। यह सोचता था कि मैं कमजोर हूं लेकिन इसे मेरा अंदाजा नहीं था। मुझे दुःख है यह अपना बड़ा भाई मानता था मुझे। लेकिन मेरे साथ जो गलत हुआ था उसकी वजह से मैंने इसे मारा है। इसे मारने की जिम्मेदारी हम दोनों लेते हैं। मृतक मून्ना खोहरी व अपराधी अजय खोहरी आपस में गहरे दोस्त थे मुन्ना ने अपनी कुछ प्रॉपर्टी अजय के नाम भी करवाने की जानकारी सामने आई है उसी दौरान मुन्ना ने अजय को लाठी-डंडों से बेरहमी पिटाई की थी। जिससे अजय काफी चोटिल हुआ था। काफी लंबे समय दोनों में मनमुटाव रहा। लेकिन पिछले 6 महीने से दोनों में आपसी प्यार नजर आ रहा था।

परिजनों ने करवाया पुलिस थाने में मामला दर्ज

खोहरी गांव निवासी संतोष देवी ने मामला दर्ज करवाया की हमारे गांव के अजय यादव पुत्र रामनिवास यादव मेरे बेटे से रंजिश रखता था जो मेरे बेटे को जान से मारने की धमकी भी देता रहता था मंगलवार 7 मार्च को हमारे गांव की मंदिर में होली का कार्यक्रम था करीब रात्रि 8 बचकर 30 मिनट के लगभग अजय खोहरी, रवि बेगमपुर, सुनील उर्फ सेठिया बेगमपुर, संदीप उर्फ बच्चियां हमिंदपुर यहां पर आए मेरे बेटे के सिर में इन सभी लोगों ने गोलियां मारी जिसे मेरा बेटा लहूलुहान होकर गिर गया। यहां से जाते वक्त धमकी देकर गए कि हमारे खिलाफ जो भी बोलेगा उनका यही हाल होगा। इस वारदात को अंजाम देने की सारी प्लानिंग रामनिवास मास्टर उनकी पत्नी उनका छोटा बेटा विकास यादव, गौरव, सुभाष, धर्मेंद्र पुत्र राम सिंह प्रधान व सरपंच कंवर सिंह खोहरी व अन्य ने मिलकर तैयार की जो सभी इस षड्यंत्र में शामिल है। भिवाडी एसपी मामले को गंभीरता से लेते हुए भिवाड़ी एसपी अनिल बेनीवाल घटना के लगभग 2 घण्टे के बाद बहरोड़ पूलिस थाने पहुंचकर अलग-अलग पुलिस टीम बनाकर आरोपियों को पकड़ने के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक आरोपी नहीं पकड़े जाएंगे मैं बहरोड़ में ही रहूंगा मुझे समय दो जल्द आपके सामने आरोपी होंगे। इस दौरान ड़ॉ. आरसी यादव, युवा नेता इंद्र यादव मुंडावर, कंवर सिंह यादव सरपंच प्रतिनिधि, ओमप्रकाश यादव, विक्रम गोठड़ी, पूर्व सरपंच राजेश खिलाड़ी, अनिल मीणा सरपंच, पूर्व पार्षद शीशराम यादव, माढ़न महंत, प्रधान सरोज यादव, सुरेन्द्र एडवोकेट सहित सैकड़ों की संख्या में लोग एकत्रित रहे।

तिलपट्टी के शहर में निकली बादशाह की सवारी

हिंदुस्तान के एक दिन के बादशाह की सवारी अत्यंत प्रसिद्ध एवं मनमोहित है

आसपास के क्षेत्रों से बहुसंख्यक लोगो की भीड़ बादशाह के मेले में उमड़ती है

गुलाल से चारों ओर का वातावरण लालिमा युक्त हो जाता है

कौमी एकता का प्रतीक है ब्यावर का बादशाह मेला

गरीबो का सितारा

अजमेर/ब्यावर (अनिल सिखवाल)। वैसे देखा जाए तो ब्यावर शहर अजमेर जिले की हृदय स्थली के रूप में काफी लोकप्रिय है साथ ही राजस्थान के सवारी नाट्य की बात करे तो ब्यावर शहर की बादशाह की सवारी मुख्य एवं अग्रिम पंक्ति में तिरोहित नजर आती है ब्यावर शहर से लगभग 50 किलोमीटर दूरदराज से बहुसंख्यक लोग बादशाह की सवारी में शामिल हो जाते हैं प्रतिवर्ष बड़े धूमधाम से निकाली जाने वाली हिंदुस्तान के एक दिन के बादशाह की सवारी अत्यंत प्रसिद्ध है जो राजस्थान में बादशाह के मेले के नाम से ख्याति प्राप्त जाता है यह सवारी उत्सव बादशाह अकबर के जमाने से ही यहाँ होली दूसरे दिन प्रतिवर्ष मनाया जाता है जिसमें बादशाह के रूप में अकबर के नौ रत्नों में से एक राजा टोडरमल की सवारी निकाली जाती है। कहा जाता है कि अकबर ने खुश होकर राजा टोडरमल अग्रवाल को एक दिन की बादशाहत सौंपी थी बादशाहत मिलने के बाद टोडरमल इतना खुश हुए कि वे हाथी पर सवार होकर प्रजा के बीच आए सोने व चांदी की अशर्फियां लुटाकर उन्होंने अपनी खुशी को अभिव्यक्त किया तभी से प्रतिवर्ष बादशाह की सवारी निकाली जाती है उस वक्त टोडरमल ने अशर्फियां लुटाई थी, लेकिन अब अशर्फियों की स्थान गुलाल लुटाई जाती है। बादशाह से मिली खर्ची यानी गुलाल को लोग अपने घरो में ले जाते हैं। आमजन का विश्वास है कि खर्ची उनके घर में बरकत लाती है। यही कारण है कि बादशाह से खर्ची पाने के लिए बड़ी संख्या में लोग इस सवारी में उमड़ते हैं। कहा जाता है कि खुशी के इस अवसर पर अकबर के नवरत्नों में से एक तथा राजा टोडरमल के मित्र बीरबल भी दिल खोलकर नाचे थे बीरबल के नाचने की परम्परा आज भी इस सवारी में निभाई जाती है इस मेले संपूर्ण शहर का वातावरण गुलाल ही गुलाल से युक्त हो जाता है तथा लोग खुशी नाचते गाते हुए आनंद लेते हैं बादशाह की सवारी भेरु खेजड़ी से प्रारंभ होकर उपखंड कार्यालय पर जाकर समाप्त हो जाती है ऐसा माना जाता है कि बादशाह और उपखंड अधिकारी दोनों एक-दूसरे पर गुलाल फेकते है उसके साथ ही बादशाह के मेले का समापन होता है बुधवार को आयोजित बादशाह के मेले में बादशाह की भूमिका रोशन सिंघल ने एवं वजीर की भूमिका गुलाब गर्ग वहीं दूसरी ओर बीरबल की भूमिका गोविंद शर्मा ने निर्वहन की है कौमी एकता का प्रतीक है यह बादशाह की सवारी का मेला पूरे अजमेर जिले में लोकप्रिय है बादशाह के मेले में चप्पे-चप्पे पर पुलिस परिलक्षित नजर आई ताकि असामाजिक तो तत्वों पर नजर रखी जा सके बहुत ही धूमधाम और हर्ष उल्लास के साथ बादशाह की सवारी का मेला संपन्न हुआ।

पारंपरिक गैर नृत्य के साथ ही मालासेरी में मनाया फागोत्सव

मालासेरी समिति ने दिया प्रधानमंत्री दौरे का लेखा जोखा

आसींद/ मालासेरी। भगवान देवनारायण जन्म भूमि मालासेरी डूंगरी स्थित मंदिर प्रांगण में धुलंडी के दूसरे दिन 8 मार्च को फाग उत्सव मनाने के साथ-साथ पन्नाधाय जयंती और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया, इसके साथ साथ भामाशाह का सम्मान किया गया । मालासेरी पुजारी हेमराज पोसवाल , भाजपा की राष्ट्रीय महामंत्री डॉ अलका सिंह गुर्जर, कर्नाटक राज्यपाल के ओ एस डी शंकर लाल गुर्जर , भामाशाह मनसुखसिंह गुर्जर, संत रामकिशोर दास सावर केकड़ी और उपस्थित अतिथियों ने भगवान देवनारायण और पन्नाधाय की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में भीलवाड़ा और अन्य जिलों से पधारे कलाकारों और बड़ी संख्या में महिलाओं ने गैर नृत्य प्रस्तुत कर हर्षोल्लास से फागोत्सव मनाया गया । उत्सव की सबसे अनोखी प्रस्तुति शाहपुरा से अलगोजा वाद्य टीम की रही। लुप्त होती इस कला का प्रदर्शन भगवान देवनारायण के पुजारी रामनाथ गुर्जर और दूदाराम की टीम ने किया। कार्यक्रम में गत तीन वर्षों के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के समय हुए आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। प्रत्येक गांव और भामाशाह से प्राप्त राशि को मंच से मनसुख सिंह गुर्जर ने पढ़ कर सुनाया तथा समिति के कोषाध्यक्ष और सी ए ने समस्त लेखा-जोखा सार्वजनिक किया। इस अवसर पर मालासेरी मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष जयदेव चाड ने मालासेरी मंदिर के विकास के लिए मंदिर विकास समिति का विस्तार कर देश भर से सदस्य जोड़ कर सभी समाजों से भागीदारी तय करने का आह्वान किया। ओएसडी शंकर लाल गुर्जर ने समर्पण, पारदर्शिता और मेहनत से प्रधानमंत्री के आयोजन को सफलता प्रदान करने पर देव भक्तों का धन्यवाद ज्ञापित किया । इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा राष्ट्रीय मंत्री डॉ अलका सिंह रही। उन्होंने महिलाओं से मिलकर आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के साथ-साथ पन्नाधाय के जीवन और बलिदान को याद कर चर्चा की। सोनिका गुर्जर, लाली देवी, बाली, गोपाली, सुमन, आशा इत्यादि ने मेवाड़ी लुगड़ी ओढ़ा कर अलका सिंह का स्वागत किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश से आए रघुवीर सिंह गुर्जर, पहलवान विक्रम सिंह नीम का थाना , नरोत्तम सिंह तंवर अड्डा भरतपुर, एडवोकेट तेजवीरसिंह, पाली, भीलवाड़ा देव सेना अध्यक्ष लादूलाल, मन की बात के संयोजक लादू लाल गुर्जर, शिवराज अरोड़ा, सांवरलाल गुर्जर, महादेव गुर्जर, घासीलाल, केशू लाल और राजसमंद, अजमेर जिले के देवसेना अध्यक्ष सावर लाल और राजू गुर्जर ने भी विचार साझा किए और पन्नाधाय के त्याग तथा बलिदान को याद किया। पाली जिले से चोपड़ा हताई की तरफ से पंच पटेलों और अध्यक्ष रामजी ने तीन लाख ग्यारह हजार रुपए की राशि मालासेरी पुजारी हेमराज पोसवाल को भेंट की। हथाई ने मालासेरी में निमार्णाधीन धर्मशाला में एक कक्ष बनवाने के लिए यह दान राशि दी है। भामाशाह जीवराज, सरपंच दयाशंकर गुर्जर, पूर्व सरपंच छोटूराम गुर्जर ने मंच से इस आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर उपस्थित समस्त भामाशाहों का मंदिर समिति की तरफ से स्वागत और दुपट्टा पहना कर सम्मान किया गया। मुख्य पुजारी हेमराज पोसवाल ने आह्वान किया कि मंदिर से संबंधित समस्त आय व्यय को सार्वजनिक किए जाने की हमारी प्रतिबद्धता को हम पूरा करते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में गत 28 जनवरी को भगवान देवनारायण के जन्मोत्सव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मालासेरी आगमन पर उपस्थित हजारों की संख्या में जन समूह ने तालियां बजा कर धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यक्रम में गोठा मंदिर के पुजारी कूपाराम गुर्जर, शांतिलाल गुर्जर, बाबूलाल पोसवाल, सुखदेव, शंभू लाल, छगन लाल गुर्जर, सांवरा, रामचंद्र पायलट इत्यादि सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। मंच संचालन प्रोफेसर जे आर गुर्जर ने किया।

विशाल भण्डारा जिकड़ी प्रोग्राम शिव शक्ति साई मंदिर आश्रम टहटडा में हुआ सम्पन्न

अलवर सरस डेयरी के पूर्व चेयरमैन बन्नाराम मीना के मुख्यातिथ्य हुआ कार्यक्रम

गरीबो का सितारा

रैणी (अलवर) महेश चन्द मीना। अलवर के रैणी उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत टहटडा.मुख्यालय पर स्थित श्री शिव शक्ति साई मंदिर में बुधवार को सास्कृतिक कार्यक्रम व विशाल भण्डारा और जिकड़ी प्रोग्राम आयोजित हुआ। शिव शक्ति साई मंदिर आश्रम धाम टहटडा. में हर वर्ष की भांति इस बार भी सास्कृतिक भव्य जिकड़ी प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें हजारो की संख्या मे धर्मप्रेमी मोजूद रहे । कार्यक्रम के आयोजक शिवलाल बैरवा(फौजी) ने मिडिया को बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अलवर सरस डेयरी के पूर्व चैयरमेन सरस डेयरी अलवर के बन्ना राम मीना रहे व विशिष्ट अतिथी पूर्व प्रधान लक्षमणगढ़ व महिला शक्ति शीला मीना और मण्डल डायरेक्टर रामजीलाल मीना रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता टहटडा.सरपंच प्रतिनिधी भगवान सहाय बोहरा , शिवलाल बैरवा (फौजी) टहटडा.के द्वारा की गई। इस दौरान अशोक बाजोली , अशोक रामपुरा, ईआरसीपी के सदस्य और रक्त वीर दिनेश और बिजेन्द्र टहटडा. सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे और राजस्थान के सुपर स्टार जिकड़ी गायक कलाकार इन्द्रेश कुमारी गुर्जर नगर भरतपुर के द्वारा बहुत ही अच्छी प्रस्तुति दी गई है। जिकड़ी गायक कलाकारो ने अपनी मधुर आवाज मे धार्मिक पौराणिक कथाओ का गायन कर लोगो का मन मोह लिया । कार्यक्रम मे महिलाओ व बच्चो ने भी दर्शको के रूप मे बढ़ चढ़कर रूचि लेते हुए रामरस का आनन्द लिया। शाही बाबा के मूर्ति स्थापित दिवस के रूप मे ऐसा कार्यक्रम हर वर्ष ही कराया जाता है ।इस दौरान कार्यक्रम का मंच संचालन हेमंत दीवान बबेली के द्वारा किया गया।मिडिया को यह सारी जानकारी कार्यक्रम के आयोजक शिवलाल बैरवा(फौजी) के द्वारा दी गई है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 150 महिलाओं को किया सम्मानित

गरीबो का सितारा

गुरला/ बद्री लाल माली। जवाहर फाउंडेशन एवं जिला यूनेस्को एसोसिएशन व पूर्वांचल जन चेतना समिति द्वारा आयोजित होली स्नेह मिलन समारोह एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन कुंभा सर्कल के पास, कुंभा ट्रस्ट छात्रावास में सैकड़ों महिलाओं व पुरूषों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम संयोजक व एलएनजे ग्रुप के ओएसडी रजनीश वर्मा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित महिला सम्मान समारोह में मुख्यअतिथि कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल डांगी व भाजपा जिलाध्यक्ष लादूलाल तेली थे। विशिष्ट अतिथि तौर पर नगर परिषद् की पूर्व सभापति मंजू पोखरना, यूनेस्को के स्टेट कोऑर्डिनेटर गोपाल लाल माली, लायंस क्लब के प्रांतीय गवर्नर दिलीप तोषनीवाल, बीएसएल के वित्तीय प्रबंधक प्रवीण जैन, रामदयाल जाट, राकेश मानसिंहका, डॉ अशोक सिंह सहित कई अतिथियों ने भी समारोह में शिकरत की। इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों की 150 महिलाओं एवं छात्राओं को अतिथियों द्वारा मोमेंटो प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने कहा कि महिला सम्मान समारोह का उद्देश्य महिलाओं का सर्वांगीण विकास तथा उनकी सहभागिता को बढ़ावा देना है, जिससे उन्हें अपनी अंतरंग प्रतिभाओं, शक्तियों, योग्यताओं की पहचान हो। उन्होंने कहा कि महिलाओं के प्रति पूर्वाग्रह के पीछे बाह्य व आंतरिक कारण हो सकते हैं लेकिन इन कारणों के बावजूद महिलाएं अपनी शक्तियों, प्रतिभाओं को पहचानकर सशक्त व स्वावलंबी बन सकती है। महिलाओं में विलक्षण गुण होते हैं आवश्यकता केवल उन्हें उनकी पहचान करने के लिए प्रोत्साहन देने की है। समारोह से पूर्व वृंदावन से आये शर्मा ईवेंट के कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक झांकियां प्रस्तुत की गई जिनमें उज्जेन की भस्म आरती, काना संग फूलों की होली, राम दरबार, खाटूश्याम व हनुमानजी की लीलाओं व झाकियों से उनका चित्रण किया गया, जिससे उपस्थित पाण्डाल में लोगों ने खूब तालियां बजाकर उनका अभिनंदन किया। समारोह में रमा कथक केंद्र की सुप्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना मानुषी पांचिसिया ने अपना प्रदर्शन कर सबको मंत्रमुग्ध किया। कलाकारों ने विभिन्न देवी-देवताओं के नाट्य रूपांतरण कार्यक्रम के माध्यम से समा बांध कर लोगों को जोड़ें। कार्यक्रम का संचालन गोपाल लाल माली ने किया। इस अवसर पर डीएमएफटी सदस्य मोहम्मद हारून रंगरेज, समाजसेवी मधुबाला महाजन, गरिमा फाउंडेशन की गरिमा, रमा कथक केंद्र से रमा पाचिसिया, आकृति कला संस्थान के कैलाश पालिया, ओमप्रकाश सिंह, सुनील झा, इन्द्रा सोनी, जिला यूनेस्को के कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश कुमार जैन, सचिव जगदीश चन्द्र मून्दड़ा, संजय शर्मा, दिनेश साहनी, अरुण राय, रामावति, कुणाल ओझा, मंजू राठौड़ सहित कई सैकड़ों महिलाएं व पुरूष उपस्थित थे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

अनिका ने अपने फोटो शेयर कर बताई एक्स-बॉयफ्रेंड की सच्चाई

चेन्नई। साउथ की लोकप्रिय अभिनेत्री अनिका विजय विक्रमण अपनी तस्वीरों को लेकर काफी चर्चा में बनी हुई हैं। अनिका ने हाल ही में, सोशल मीडिया पर अपनी सूजी हुईं आंखें और चोट के निशान दिखाते हुए तस्वीरें शेयर की है, जिसे देखकर फैन्स बुरी तरह सकपका गए हैं। इन तस्वीरों को देखकर हर कोई काफी हैरान हो गया है। यूजर्स के मन में लगातार यह सवाल उठ रहा है कि आखिर अनिका की यह हालत हुआ कैसे है। साउथ की लोकप्रिय अभिनेत्री अनिका ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कुछ तस्वीरें साझा की, जिसमें अभिनेत्री की आंखों के साथ-साथ चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोट के निशान नजर आ रहे हैं।

लाइफ Style

रुबीना

फैशन सेंस ने किया कन्फ्यूज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रुबीना दिलैक टीवी इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेस हैं। रुबीना का नाम टीवी की हाईएस्ट पेड एक्ट्रेसेज में भी शामिल होता है। रुबीना सोशल मीडिया पर अपने फैन्स के लिए आए दिन तस्वीरें व वीडियोज साझा करती रहती हैं।

रुबीना के पोस्ट उनके फैन्स को पसंद भी बहुत आते हैं। इसी क्रम में एक्ट्रेस ने अपनी एक नई तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर कर दी, जो अब चर्चा का विषय बन गई है। रुबीना का ऑल डेनिम लुक फैन्स को बहुत इम्प्रेस कर रहा है। रुबीना ने एक के बाद एक कई तस्वीरें साझा की हैं। जहां पहली तस्वीर में रुबीना व्हाइट ट्यूब टॉप के ऊपर डेनिम जैकेट और जींस पहनी दिख रही हैं। वहीं बाकी की तस्वीरों में एक्ट्रेस ने जैकेट को टॉप की तरह पहना है। रुबीना ने इन तस्वीरों को अपने ऑफिशियल इंस्टा अकाउंट पर शेयर किया है। फोटोज को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने इसका कैप्शन भी लिखा है। रुबीना की इन तस्वीरों को जहां फैन्स खूब पसंद कर रहे हैं, वहीं कुछ ने उनका फैशन सेंस देख एक्ट्रेस की तुलना उर्फी जावेद से कर दी है। रुबीना की फोटो को कुछ ही देर में 78 हजारसे अधिक लाइक्स आ गए हैं। वहीं यूजर्स इस पर अपनी ताबड़तोड़ प्रतिक्रियाएं भी दे रहे हैं। एक यूजर ने रुबीना की तस्वीरों पर कमेंट करते हुए लिखा है, अब तुम भी उर्फी जावेद बन रही होर। तो वहीं एक अन्य ने लिखा है, आपके फोटोशूट मुझे बहुत पसंद आ रहे हैं। ये बेस्ट हैंर। एक और यूजर लिखते हैं, आजकल सब उर्फी जावेद की तरह कर रहे हैं कैसे भी कपड़े पहन रहे हैं।

हॉलीवुड मसाला

डेमी को क्यों भाया मैक्सिको

लॉस एंजेलिस। हॉलीवुड सेलेब्स रोमांटिक और पारिवारिक हॉलिडे बिताने के लिए जाना पसंद करते हैं। इस बीच देखने में आया है कि बहुत से कलाकार इन दिनों मैक्सिको घूमने को ज्यादा तरजीह दे रहे हैं। डेमी मूर की मैक्सिको की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल है। दरअसल, रिवेयरा नायारित का प्राकृतिक सौंदर्य हो या सैन लुकास में दुनिया भर के प्रसिद्ध डीजे की धुनों का संगम, लॉस काबोस या फिर रिवेयरा माया, मैक्सिको में सबके लिए कुछ न कुछ खास है।

ऑस्कर नामिनेट एल्विस क्यों आई चर्चा में...

न्यूयार्क। 95वें अकादमी अवॉर्ड्स के नॉमिनेशंस का एलान होने के साथ ही नामांकित फिल्मों की चर्चा शुरू हो गई है। । दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोहों में से एक ऑस्कर में जाने वाली फिल्मों के लिए उत्सुकता का स्तर अलग ही होता है। इस दौरान वही फिल्में चुनी जाती हैं जो कि दुनियाभर में सर्वश्रेष्ठ मानी जाती हैं, ऐसे में लोग इन्हें देखना चाहते हैं। नामांकित फिल्मों में एल्विस की ज्यादा चर्चा हो रही है। यह साल 2022 की बायोग्राफिकल ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन बाज लुहरमन ने किया है। इस फिल्म को लुहरमन के अलावा सैम ब्रोमेल, क्रेग पियर्स और जेरेमी डोनर ने लिखा है। यह अमेरिकी रॉक एंड रोल गायक और अभिनेता एल्विस प्रेस्ली के जीवन पर आधारित है। एल्विस को आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

एक्शन मोड में नजर आईं प्रियंका...

मुंबई। प्रियंका चोपड़ा की बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज सिटाडेल का ट्रेलर सोमवार 6 मार्च को जारी कर दिया गया। यह एक स्पाई थ्रिलर है, जिसकी पिछले काफी समय से लगातार चर्चा हो रही थी। इसकी कहानी प्रियंका चोपड़ा और रिचर्ड मैडेन के ईर्द-गिर्द घूमती है जो एजेंट की भूमिका में हैं। दोनों अपनी पिछली जिंदगी भूल चुके हैं। इस दौरान उन्हें एक बार फिर से एंजेंट के रूप में बुलाया जाता है। ट्रेलर में दोनों के अलावा स्टेनली टुकी भी नजर आए हैं। इस ट्रेलर को प्राइम वीडियो की तरफ से रिलीज किया गया है, जिसकी स्ट्रीमिंग 240 से अधिक देशों में की जा सकेगी। मूल भाषा अंग्रेजी के अलावा इस वेब सीरीज को हिंदी, तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ में भी देखा जा सकेगा। सीरीज का निर्देशन एवेंजर्स इंफिनिटी वॉर और एवेंजर्स एंडगेम बना चुके रूसो ब्रदर्स ने किया है।

अब पानी पसंद नहीं रणबीर को...

मुंबई। बीते साल की हिट फिल्म 'ब्रह्मास्त्र पार्ट वन शिवा' से अपनी लय में लौटे अभिनेता रणबीर कपूर की हंसी, मस्ती, ठिठोली वाली फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' होली की फुहारों के बीच रिलीज होने को तैयार है। बात होली की हो तो मुंबई फिल्म जगत की सबसे यादगार होली आर के स्टूडियो की होली की याद आ ही जाती है। रणबीर ने ये होली बचपन से देखी है और अब इस बात से दुखी दिखते हैं कि होली के रंग अब पहले जैसे गाढ़े, अपने और मस्ती वाले नहीं रह गए हैं। 'तू झूठी मैं मक्कार' होली पर रिलीज हो रही है और होली का दूसरा नाम मुंबई में आर के परिवार की होली ही रहा है। इस पर रणवीर कहते हैं-तब मैं बहुत छोटा था और मुझे होली से बहुत डर लगता था। सबको पानी के टैंक में फेंका जाता था। सब शराब और भांग पीते थे।

टीवी मसाला



'जुनूनियत' में गिटार बजाते वक्त चोटिल हुए अंकित...

मुंबई। टीवी शो 'जुनूनियत' को लेकर दर्शक काफी उत्साहित हैं। शो का दमदार प्रोमो लोगों को बेहद पसंद आ रहा है। 'जुनूनियत' तीन गायको की कहानी पर आधारित है, जो अपने सपने को पूरा करने के लिए जी जान लगा देते हैं। 'बिग बॉस 16' से मशहूर हुए अंकित गुप्ता भी इस शो का हिस्सा हैं। हाल ही में शो की शूटिंग के दौरान उनकी उंगलियों में चोट लग गई थी, लेकिन चोट लगने के बावजूद भी उन्होंने शूटिंग जारी रखी। अंकित इस शो में 'जहान' का किरदार निभा रहे हैं। इस किरदार के लिए उन्होंने लगातार गिटार बजाए हैं, जिसकी वजह से उनकी उंगलियां सूज गई हैं। इसके बावजूद भी वह इस चुनौती से पीछे नहीं हटे और शो के किरदार के प्रति उनका समर्पण किसी प्रेरणा से कम नहीं है। अंकित ने शो के लिए खुद गिटार बजाना सीखा है। ताकि शो के किरदार को वह और बेहतर तरीके से दिखा पाएं। एक मीडिया संस्थान को दिए गए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि मैंने अपने जीवन में वास्तव में कभी वाद्य यंत्र नहीं बजाया है, और यह दूसरी बार है जब मैंने गिटार पकड़ा हुआ है। यह एक नया अनुभव है और मैं तब तक अभ्यास करता रहूंगा जब तक कि मैं इसे अच्छे से बजाना न सीख जाऊं। कुछ शॉट्स के लिए मुझे तेज गति से गिटार बजाना पड़ता है, जिससे मेरी उंगलियां सूज जाती हैं और चोट लग जाती है साथ ही उन्होंने कहा कि यह ठीक है क्योंकि कोई दर्द नहीं, कोई लाभ नहीं। एक्टर ने आगे कहा , मैं दर्शकों को शो पर दिखाए गए प्यार के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

कोई प्रोड्यूसर किसी एक्टर से बड़ा नहीं हो सकता

पुराने मेहता साहब ने शो छोड़ने की बताई वजह, कहा- नई दिल्ली। टीवी इंडस्ट्री का लोकप्रिय शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' आज दर्शकों के पसंदीदा शो में एक बन गया है। इस शो में बीते कुछ दिनों से काफी उथल पुथल देखने को मिल रहा है। दर्शकों के कई फेवरेट सितारों ने इस शो को अलविदा कह दिया है। शो में मेहता साहब का किरदार निभाने वाले शैलेश के शो छोड़ने की काफी चर्चा थी। काफी दिनों के बाद अब शैलेश लोढ़ा ने इस विषय पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। शैलेश के शो छोड़ने के बाद ऑडियंस उन्हें काफी मिस कर रही है। हाल ही में, शैलेश एक इवेंट में शामिल हुए,जहां उन्होंने खुलकर कई मुद्दों पर बात किया। इस दौरान उन्होंने शो के प्रोड्यूसर असित मोदी पर एक बार फिर निशाना साधते हुए कहा कि कोई प्रोड्यूसर किसी एक्टर से बड़ा नहीं हो सकता, वह एक व्यापारी हैं। उन्होंने आगे कहा, 'जब भी कोई व्यापारी मेरे कवि होने पर, मेरे अभिनेता होने पर हावी होगा, तब तब ज्वालामुखी फटेगा।'

साउथ बनाम बॉलीवुड पर संजय ने की खुलकर बात

मुंबई। संजय दत्त के उन चंद अभिनेताओं में से हैं, जिन्होंने हिंदी पट्टी के साथ दक्षिण भारत में भी अपने अभिनय से खास पहचान बना ली है। उन्होंने केजीएफः चैप्टर 2 के साथ कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री में अपनी शुरुआत की थी।

फिल्म में उनके काम को दर्शकों को ने खूब पसंद किया था। हाल ही में संजय ने बॉलीवुड बनाम साउथ डिबेट पर खुलकर बात की। बातचीत में जब इस विषय पर उनसे टिप्पणी करने के लिए कहा तब उन्होंने कहा कि सिनेमा को अलग करना सही नहीं है। अपनी प्रतिक्रिया में एक्टर ने जोर देकर कहा, मैं इसे दक्षिण और बॉलीवुड और उत्तर या पूर्व के रूप में नहीं देखता। इस देश में बनी हर फिल्म एक सिनेमा का हिस्सा है, जो भारतीय सिनेमा है। ऐसा ही होना चाहिए। हम सब इस एक देश का हिस्सा हैं, यह एक टीम है। सिनेमा को अलग-अलग करना ठीक नहीं है। यह पूरी इंडस्ट्री एक बड़ा परिवार है, जो भारतीय सिनेमा के लिए अच्छी बात है। हम भारतीय फिल्म इंडस्ट्री का प्रतिनिधित्व करते हैं और सब कुछ इसका हिस्सा है। मैं दक्षिण, पूर्व, उत्तर और पश्चिम में विश्वास नहीं करता।

'रंग बरसे' से लेकर 'बलम पिचकारी' तक, इस होली मचेगी धूम

मुंबई। हमारी हिंदी फिल्मों में एक से बढ़कर एक रंगों के त्योहार होली पर गाने बने हैं। अबीर-गुलाल, रंगों की बौछार और मिठाईयों के साथ जब इन बॉलीवुड गानों का हो साथ तो होली का जश्न दोगुना हो जाता है। रंगों का त्योहार होली हो और हिंदी फिल्मी गीतों पर मस्ती ना हो तो ऐसा हो नहीं सकता। हिंदी फिल्मों में होली के त्योहार पर बने गाने ही तो इस त्योहार को और रंगीला और जोशीला बनाते हैं। फिर अमिताभ बच्चन पर फिल्माया 'रंग बरसे हो' या फिर रणबीर कपूर का 'बलम पिचकारी' सॉन्ग हो, ये तमाम गाने रंगों के त्योहार की खुशी को दोगुना कर देते हैं और जमकर ठुमके लगाने पर भी मजबूर कर देते हैं।

'रंग बरसे' (सिलसिला) : अमिताभ बच्चन और रेखा की गजब की केमिस्ट्री के साथ 'सिलसिला' फिल्म का 'रंग बरसे' गाना सबसे शानदार होली सॉन्ग है। होली के त्योहार पर जब तक ये गाना ना बजे तब तक रंग कहां जमता है तो आप क्या सोच रहे हैं अपनी प्ले लिस्ट में इसे सबसे पहले शामिल करें।

'बलम पिचकारी' (ये जवानी है दीवानी) : 'ये जवानी है दीवानी' फिल्म का गाना 'बलम पिचकारी' यंग जनरेशन का फेवरेट होली सॉन्ग है। रणबीर और दीपिका के स्टेप के साथ इस होली आप भी इस सॉन्ग पर फुल एनर्जी के साथ डांस कर मजे कर सकते हैं। वैसे भी ये गाना बजते ही पैर अपने आप ही थिरकने लगते हैं।

'आज ना छोड़ेंगे' (कटी पतंग) : चुलबुले राजेश खन्ना और फिल्म 'कटी पतंग' की शर्मीली आशा पारेख पर फिल्माया गया गाना 'आज ना छोड़ेंगे' होली के जश्न में जोश भर देता है। इस सॉन्ग को अपने प्ले लिस्ट में जरूर शामिल करें और अपने स्पेशल वन को होली के रंगों से सराबोर करते हुए जमकर डांस भी करें।

'होली खेले रघुवीरा अवध में' (बागबान) : 'बागबान' फिल्म का अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी पर फिल्माये गए गाने 'होली खेले रघुवीरा तो पूरी तरह मस्ती से भरा रहा गाना है। अबीर-गुलाल उड़ाते हुए इस गाने पर थिरकरना तो जरूर बनता है।

'अंग से अंग लगाना' (डर) : 'डर' फिल्म का गाना 'अंग से अंग लगाना' तो होली पर बना बेस्ट बॉलीवुड सॉन्ग है। इस गाने में अगर कुछ है तो बस प्योर मस्ती। इस सॉन्ग को बजाइये और रंगों के त्योहार की मस्ती में खो जाइए।

होली आई रे (मशाल) : 'मशाल' फिल्म के सॉन्ग 'होली आई, होली आई देखो होली आई रे' भी काफी खूबसूरत ट्रैक है। इस सॉन्ग में अनिल कपूर ने रंग गुलाल उड़ाते हुए रति अग्निहोत्री के साथ जमकर होली खेली है। आप भी अपनी प्ले लिस्ट में होली के इस सॉन्ग को शामिल कर होली का जमकर जश्न मनाएं।

'होली के दिन दिल मिल जाते हैं' (शोले) : फिल्म शोले का किशोर कुमार और लता मंगेशकर द्वारा गाया गया गाना 'होली के दिन दिल मिल जाते हैं' हेमा मालिनी, धर्मेंद्र और अमिताभ बच्चन पर फिल्माया गया है। इस गीत के बोलों को आनंद बख्शी ने अपनी कलम से सजाया है।फिल्म 'शोले' का यह गीत आज भी बॉलीवुड के आइकॉनिक होली सॉन्ग में से एक है तो इसे अपनी प्लेलिस्ट में शामिल करना ना भूलें।

सिर्फ फिल्मों में ही नहीं उर्दू अदब में भी खास मकाम बनाया शायर साहिर लुधियानवीं ने

साहिर लुधियानवी अपने पीछे छोड़ गए अधूरी मोहब्बतें और कुछ तल्खियां

आज जयंती

सुप्रसिद्ध शायर और फिल्मी गीतकार साहिर लुधियानवी आज 102 बरस के हो जाते। 8 मार्च 1921 को लुधियाना में जन्में साहिर ने अपनी जिंदगी में कड़वाहट बहुत देखी, जिसका अक्स उनकी शायरी में नजर आता है। साहिर को दुनिया से गुस्सा था, वैराग्य था। दुनिया को लेकर वो दुखी थे। साहिर को सब कुछ सही नहीं लगता था। जब शायरी करने लगे तो अपना नाम "साहिर" रख लिया, यानी जादूगर और लुधियाना का होने की वजह से लुधियानवी।

मुंबई। साहिर के पिता और उनकी माता के बीच सम्बन्ध अच्छे नहीं रहे। पिता लुधियाना के जमींदार फजल मुहम्मद और मां का नाम था सरदार बेगम। फजल अहमद एक अय्याश जमींदार थे, जो उस वक्त का पैटर्न था। एक दर्जन से ज़्यादा शादियां की। इतनी शादियों में बेटा बस एक ही हुआ, नाम रखा अब्दुल हयी। साहिर ने अपनी पहली फिल्म ₹आज़ादी की राह₹ में 4 गाने लिखे। फिल्म के बारे में कोई चर्चा नहीं हुई। गुमनाम होते साहिर की मुलाक़ात एसडी बर्मन से हुई। साहिर का अंदाज़ दादा को पसंद आया, शायद साहिर की कविता और मीटर की समझ की वजह से। अंग्रेजी गायिका कॉनी फ्रांसिस ने अपने एक गीत ₹नेवर ऑन अ संडे₹ के शुरू में आलाप लिया था जिस से इंस्पायर हो कर दादा बर्मन ने ट्यून बनाई थी और साहिर ने लिखा - ठंडी हवाएं लहरा के आएं। यहां से दोनों के साथ काम करने की शुरुआत हुयी। फिर आयी फिल्म फिल्म ₹प्यासा₹। निर्देशक गुरुदत्त की शुरूआती दौर की फिल्में हलकी फुलकी होती थी।

गुरुदत्त और साहिर की एक कॉमन समस्या थी, मोहब्बत। गुरु दत्त की गायिका गीता दत्त से शादी में कई दिक्कतें आई। फिर गुरुदत्त का वहीदा रहमान के प्रति झुकाव। और गुरुदत्त के मन में एक अमिट छाप छोड़ने वाले निर्देशक की ख्याति पाने का ख्वाब, सब कुछ साहिर की जिन्दगी से मिलता जुलता ही था। वैसे प्यासा के संगीत पर एक पूरी किताब लिखी जा सकती है। साहिर के अंदर छुपी कलाकार की अकड़, इस फिल्म के संगीत की सफलता से बाहर आ गई थी। साहिर ने लता मंगेशकर से एक रुपया ज़्यादा फीस की डिमांड करना शुरू कर दी थी। और साहिर ने प्यासा में दादा बर्मन से एक रुपया ज़्यादा लेने की ज़िद भी की थी। प्यासा के इस गीत के फिल्मांकन ने इस गीत को हमेशा के लिए अमर कर दिया। साहिर की ज़िन्दगी में कई औरतें आई। कई बार उन्होंने मोहब्बत की। मगर अमृता प्रीतम जैसा प्यार उन्हें कभी हुआ नहीं, और शायद किसी और से किया भी नहीं। साहिर के चाहने वाले लाखों हैं। उनकी तल्खियों के दीवानों की कमी नहीं है। एक टूटे दिल के आशिक की कहानी लिखने में साहिर का कोई सानी नहीं था और हिंदुस्तान में हर इंसान या तो मोहब्बत कर रहा है या मोहब्बत में जूते खा रहा है। बस इसलिए साहिर का गुस्सा हम सबमें नजर आता है।

कभी वहश की तरह, कभी ज़ुल्म की तरह और कभी बेगैरत इंसान की तरह। मौत के बाद भी साहिर को चैन नहीं था। जिस कब्रिस्तान में उसे दफनाया गया था, जब बाद में उसमें जगह नहीं बची तो वहां की कब्रें खोद दी गई और नई कब्रों को जगह दी गई। साहिर के गाने आज भी बेहतरीन उर्दू शायरी के नमूने माने जाते हैं। उन्होंने अपनी ग़ज़लों को फ़िल्मी गीतों की शक्ल भी दी मगर उस बात से न मजमून नहीं बदला और न गहराई कम हुई। अपनी ज़िन्दगी के आखिरी दिन 25 अक्टूबर 1980 को साहिर टैक्सी वाले को रुकने का कह कर अपने दोस्त से मिलने उसके घर गए। टैक्सी वाला इंतजार करता रहा और साहिर ने अपने दोस्त की बांहों में दम तोड़ दिया।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

निर्माणधीन अस्पताल बी.आर.मील पर अवैध कब्जा करने के बहुचर्चित मामले मे गोविंदगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

पुलिस ने एक और आरोपी निर्मल सिंधी को किया गिरफ्तार , पुलिस 14 लोगों को पहले ही कर चुकी है गिरफ्तार

जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण आईपीएस डॉ. राजीव पचार के निर्देश पर हुई कार्रवाई

गोविंदगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र के अनंतपुरा चिमनपुरा गांव के निमार्णाधीन अस्पताल का है मामला

गरीबों का सितारा

गोविंदगढ़ / चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)। गोविंदगढ़ पुलिस थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अनंतपुरा चिमनपुरा के एक निमार्णाधीन अस्पताल पर कब्जा करने के मामले में एक और अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है ' गोविंदगढ़ पुलिस थाना प्रभारी धर्म सिंह ने बताया कि उक्त मामले को लेकर बुधवार को गोविंदगढ़ पुलिस ने जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण आईपीएस डॉ. राजीव पचार के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र कुमार यादव के निर्देशन मे कार्रवाई करते हुए मकान नंबर 30, सिंधी कॉलोनी, नियर सरस्वती कॉलोनी,सांगानेर थाना मालपुरा गेट जिला जयपुर शहर निवासी निर्मल कुमार पुत्र नेनूमल रामचंदानी जाति सिंधी उम्र 42 साल को गिरफ्तार किया है ' गोविंदगढ़ पुलिस थाना प्रभारी धर्म सिंह ने मामले की पूरी जानकारी देते हुए बताया कि उक्त प्रकरण में परिवादी अमरचन्द पुत्र श्री पोकरमल जाति जाट उम्र 58 साल निवासी प्लाट नं.192 अशोक नगर निवारू रोड जयपुर थाना करधनी जिला जयपुर ने दिनांक 21-08-2022 को थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट पेश की कि मेरे रिश्तेदार बनवारी मील की जमीन खसरा नम्बर 84/1115, 86 ग्राम अणतपुरा चिमनपुरा में स्थित हैं। उक्त खसरा नम्बरों को व्यवसायिक प्रयोजनार्थ रूपांतरित करवाकर हॉस्पीटल की बिल्डिंग का निर्माण करवा रखा है तथा कुछ काम निमार्णाधीन हैं। जिसकी देखरेख में करता हूँ मैने हॉस्पीटल के निर्माण की देखरेख के लिए चैकीदार मेरे साले संजीव व राजवीर बादल को रख रखा है। दिनांक 20.08.2022 को मेरे पास जितेन्द्र मीणा का फोन आया जिसने मेरे को बताया की हॉस्पीटल में 5-6 व्यक्ति आये थे जिन्होंने चौकीदार संजीव व राजवीर के साथ मारपीट की है क्या बात हो गई। मैने संजीव के फोन पर करीब 3-4 कॉल लगाया परन्तु संजीव का फोन बन्द आया। इसके बाद मैने राजीवर को फोन किया तो राजवीर का भी फोन बन्द आया मैने रामस्वरूप के पास फोन किया तो रामस्वरूप ने बताया की करीब 7-8 गाडियों में करीब 35-40 आदमी आये थे। आते ही चैकीदार संजीव व राजवीर के साथ मारपीट की। मैंने सारी जानकारी की तो रामस्वरूप ने बताया की एक व्यक्ति जो अपना नाम सुरेश चंदेला बता रहा था तथा कह रहा था की यह हॉस्पीटल हमारा है किसी डॉक्टर बनवारी लाल का कोई लेना देना नहीं है। इसके बाद में भी गोविन्दगढ आ गया। मेरे को मेरे दोस्त शैलेन्द्र चौधरी ने बताया की मैं हॉस्पीटल पर आया तब हॉस्पीटल के गेट के सामन एक गाड़ी जिसके नम्बर आर. जे. 14 ए.सी. 7733 खड़ी हुई थी जिसमें निर्मल कुमार व सत्यनारायण गुसा बैठे हुए थे तथा दो अन्य व्यक्ति थे जिनका नाम मैं नही जानता हूँ। मेरे को देखकर ये लोग गाड़ी लेकर जयपुर की तरफ चले गये। मैने व शैलेन्द्र चौधरी ने हॉस्पीटल में जाकर देखा तो सारे कमरे खुले हुए थे। अंधेरा होने के कारण हॉस्पीटल से क्या क्या सामान चोरी हुआ उसकी जानकारी नहीं हो पाई। इन लोगों ने हॉस्पीटल पर कब्जा करने के उद्देश्य से हॉस्पीटल में अवैधरूप से घुसकर चौकीदारों से मारपीट की है जिस पर मु. नं. 220/22 दर्ज कर अनुसन्धान प्रारम्भ किया गया' जिसमें उक्त मामले मे पहले ही 14 गिरफ्तारियां की जा चुकी है ' उक्त मामले मे आज बुधवार 8 मार्च 2023 को मामले के वांछित आरोपी निर्मल कुमार पुत्र नेनूमल रामचंदानी जाति सिन्धी उम्र 42 साल निवासी सिन्धी कॉलोनी नियर सरस्वती कॉलोनी सांगानेर जयपुर को गिरफ्तार किया गया है।

समर चौधरी ने संभाला सीएलसी इंटरनेशनल स्कूल का पदभार

गरीबों का सितारा

सीकर (विनोद धायल)। सीएलसी निदेशक इंजी. श्रवण चौधरी के जन्म दिवस के अवसर पर 8 मार्च को सीएलसी के चैलासी स्थित सीबीएसई स्कूल सीएलसी इंटरनेशनल स्कूल का विधिवत शुभारंभ किया गया। सातड़ा आश्रम महंत श्री ज्ञाननाथ महाराज के सान्निध्य में पूजा अर्चना के बाद निदेशक चौधरी के सुपुत्र समर चौधरी ने सीआईएस के निदेशक का पदभार संभाला। इस अवसर पर नाथजी महाराज ने सीएलसी इंटरनेशनल स्कूल के कैंपस का अवलोकन करने के बाद समर को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। सीआईएस निदेशक समर चौधरी ने बताया कि बेहतरीन एकेडमिक्स के साथ सीआईएस के अत्याधुनिक कैंपस में गेम्स एंड स्पोर्ट्स के साथ हर तरह की पाठ्य सहगामी गतिविधि उपलब्ध रहेगी। सीएलसी निदेशक इंजी. श्रवण चौधरी ने बताया कि एक अपडेटेड सोच के साथ शुरू किए गए सीबीएसई स्कूल को पूर्णतया अपडेट एवं सीबीएसई मानकों के अनुकूल रखने के लिए युवा निदेशक समर चौधरी को पदभार सौंपा गया है। इस अवसर पर सीएलसी सीईओ साहिल चौधरी, एमडी नरेश चौधरी, एचआर हेड वीरेंद्र चौधरी सहित सीएलसी का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर श्री कल्याण सेवा संस्थान ने महिलाओं का किया सम्मान

गरीबों का सितारा

दांतारामगढ़ (विनोद धायल)। दांतारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के रानोली के आसपास गांव संगरवा वेद की ढाणी, जाजम की ढाणी, ठाकुर वाली कोठी सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों

में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर श्री कल्याण सेवा संस्थान के तत्वाधान में मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री मधु कुमावत के द्वारा सामाजिक, राजकीय सेवा और राजनीतिक क्षेत्र, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता , नर्स आदि का उत्कृष्ट काम करने वाली महिलाओं का माला पहना कर और गिफ्ट भेट कर सम्मान किया गया। प्रदेश मंत्री मधु कुमावत ने महिला शक्ति की सराहना करते हुए प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु उत्साहवर्धन करते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को चरितार्थ किया। नव मतदाता बिहार प्रदेश संयोजिका होने के नाते महिलाओं को राष्ट्र निर्माण में वोट का महत्व समझाते हुए प्रत्येक वह परिवार जो 18 वर्ष का हो चुका है उन्हें अनिवार्य रूप से वोटर लिस्ट में नाम देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष मनोज पाराशर, प्रदेश सचिव पिंटू भारतीय, ग्राम प्रधान प्रभारी रोशन बानो ,मधु कुमावत ,ममता देवी, सावित्री देवी सहित महिला कार्यकताओं का सम्मान किया।

अपना हक मांगने गई शहीद की पत्नी के साथ सरकार ने किया क्रूरता का व्यवहार : नटवाड़िया

गरीबों का सितारा

जयपुर। भाजपा राष्ट्रीय शाह शक्ति संगठन के प्रदेशाध्यक्ष रमेंद्र कुमार नटवाडिया ने कहा कि पुलवामा हमले में देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए रोहिताश लांबा की पत्नी मंजू लांबा अपना हक मांगने सीएम हाउस जाते वक्त पुलिस ने रोका और बुरी तरह से व्यवहार किया साथ ही मारपीट भी की। घायल मंजू को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया यह सरकार की तानाशाही प्रवृत्ति ही है कि जिस शहीद ने इस देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए उसकी पत्नी को हक देने के बजाय इस तरह से क्रूरता का व्यवहार करना जैसे वह कोई असामाजिक हो इससे सिद्ध होता है कि कांग्रेस सरकार में कोई भी सुरक्षित नहीं है कहीं दिनदहाड़े डकैती तो कहीं हत्या जैसी घटनाएं आए दिन हो रही है यह सरकार की ना कामयाबी का ही परिणाम है।

सैनी समाज घाटवा मे मृत्युभोज की जगह गौसेवा का निर्णय

गरीबों का सितारा

दांतारामगढ़। धुलंडी के अवसर पर सैनी(माली) समाज घाटवा का होली स्नेह मिलन सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन में सैनी समाज के समस्त सदस्यों ने मृत्यु भोज निवारण अधिनियम 1960 का समाज में कड़ाई से पालन करवाये जाने और इसके स्थान पर स्थानीय गौशाला में सेवा का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया। समाज को संगठित होकर शैक्षणिक और सामाजिक उत्थान के लिए प्रयासरत रहने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर समाज के सैकड़ों सदस्यों ने आपस में गुलाल लगाकर सामाजिक सौहार्द और भाईचारे के त्यौहार को धूमधाम से मनाया। युवाशक्ति ने इस सम्मेलन में बढ़चढ़कर भाग लिया। माली समाज घाटवा कि नयी कार्यकारिणी का भी गठन किया गया ।जिसमें गोपाल लाल को अध्यक्ष, रामपाल उपाध्यक्ष,राजेन्द्र प्रसाद सैनी, सचिव, राधेश्याम कोषाध्यक्ष,गणेश सैनी उपकोषाध्यक्ष, रामलाल सैनी को संयोजक नियुक्त किया गया।

होली स्नेह मिलन समारोह एवं लोकगीत वेदंगल कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन- सुमन मीणा

गरीबों का सितारा

जमवारामगढ़ (रामफूल मीणा)। होली स्नेह मिलन समारोह एवं लोकगीत वेदंगल कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन कार्यक्रम का आयोजन श्री लक्ष्मी नारायण मीणा मेमोरियल ट्रस्ट कानडियावाला टीम सुमन मीणा के नेतृत्व में कार्यक्रम का हुआ आयोजन डॉ हरसहाय मीणा सीनियर आर.ए.एस.व ट्रस्ट संरक्षक व संयुक्त शासन सचिव सामान्य प्रशासन विभाग जयपुर ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली स्नेह मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सहित बस्सी, जयपुर अन्य जगहों से सैकड़ों की संख्या में लोग कार्यक्रम में भाग लेते हैं साथ ही साथ लोकगीत दंगल कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें आए सभी लोग एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली स्नेह मिलन समारोह बनाते हैं साथ ही साथ ट्रस्ट अध्यक्ष सुमन मीणा ने आए हुए सभी लोगों को मिठाई खिलाकर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और इस दौरान सभी ने कार्यक्रम में लोकगीत दंगल का लुफ्त उठाया।

सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में निदेशक डॉ. मंजू यादव के सानिध्य में

महिला डॉक्टर्स ने केक काटकर मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

गरीबों का सितारा

चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सामोद रोड स्थित सिद्धि विनायक हॉस्पिटल में हॉस्पिटल निदेशक डॉ. मंजू यादव

(स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ) द्वारा साथी महिला डॉक्टर्स एवं महिला कर्मचारियों के सम्मान में केक काटकर महिला दिवस मनाया गया ' इस अवसर हॉस्पिटल निदेशक डॉ. मंजू यादव ने नारी का अर्थ 'कभी हार नहीं मानने वाली' बताते हुए कहा कि सृष्टि में सबसे पहले नारी की पूजा की जाती है "यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमन्ते तत्र देवता " अर्थात जहाँ नारी का सम्मान होता है वहाँ देवता भी निवास करते हैं ' साथ ही उन्होंने बताया कि महिला अपने काम के प्रति पुरुषों से ज्यादा सजग व ज़िम्मेदार होती है ' आज देश दुनिया में बड़ी से बड़ी इकाई की कमान महिलाओं महिलाओं ने सँभाल रखी हैं, साथ ही उन्होंने बताया कि एक ही महिला को परिवार में अनेक नामों से जैसे बेटी, बहू, पत्नी, माँ, बहन के साथ साथ ओर भी बहुत से नामों से जाना जाता है ' इसके साथ ही वह हर एक रिश्ते व नाम के साथ अपनी ज़िम्मेदारियों का बखूबी वहन करती है ' इस मौके पर डॉ. यादव ने महिला शिक्षा एवं नारी सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि एक शिक्षित नारी ही शिक्षित समाज का निर्माण कर सकती है ' इस मौके मौके पर डॉ. सरिता यादव नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. प्रज्ञा तिवारी स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डॉ. नेहा शर्मा दंत रोग विशेषज्ञ ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया ' साथ ही महिला कर्मचारियों के साथ मिलकर महिला महिला दिवस मनाया।

धुलण्डी पर लगा बाबा चतुरदास मेला कुश्ती दंगल में पहलवानों ने दिखाया जोश

गरीबो का सितारा

वी.पी.मीणा बहरोड़। क्षेत्र के गूंती गांव में मंगलवार को बाबा चतुरदास महाराज मंदिर प्रांगण में मेले व कुश्ती दंगल का आयोजन हुआ। जिसमें आसपास के दर्जनों गांवों से हजारों लोग मंदिर में दर्शन कर मेले में कुश्ती का लुफ्त उठाया। कुश्ती दिनभर में 10 रुपये से लेकर 51सौ रुपए के कामड़े तक रही। फाइनल कामड़े की कुश्ती दिनेश पहाड़ी व धर्मशाला नियामतपुर मोरुंड के बीच हुआ। जिसमे दिनेश ने विजेता रहे। ग्रामीणों ने बताया कि यह मेला प्रतिवर्ष धूलंडी पर बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाता है। सुबह से ही बुजुर्गों द्वारा ढोल बजाकर गीतों के साथ नृत्य करते हुए नजर आते हैं। मेले के दौरान पूरणमल जांगिड़ के द्वारा दिनभर प्रसादी वितरण की गई। इस दौरान सरपंच अनिल मीणा, कैलाश गुप्ता, जिला पार्षद सुनील यादव, कैलाश चन्द यादव, सरजीत यादव, रेफरी सतु यादव, बिल्लू यादव, कृष्ण मीणा आरएएस, दानसिंह यादव, रोहिताश यादव, रोहिताश शर्मा, राजेंद्र यादव सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

थाने में पुलिस जवानों ने जमकर रंगों से होली खेली

गरीबों का सितारा

गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव। स्थानीय पुलिस थाने में पुलिस जवानों ने जमकर रंगों से होली खेली एवं डीजे थरके ! होलिका पर्व व धुलण्डी शान्ति पूर्वक सम्पन्न के बाद पुलिस जवानों ने बुधवार को रंग गुलाल से सरोबार होकर एक दूसरे को होली खेलाई, अधिकारियों ने डीजे पर जमकर थरके ! इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक लोकेश मीणा ! थानाधिकारी गजराज चौधरी, एस आई, ईएसआई, दिवान सहित जवानों ने होली मनाई।

कैंसर जांच शिविर के पोस्टर का हुआ विमोचन

गरीबों का सितारा

रींगस(अरविन्द कुमार)। रींगस कस्बे के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 10 मार्च को आयोजित होने वाले कैंसर जांच शिविर के पोस्टर का विमोचन किया गया। रींगस सीएचसी प्रभारी डॉ विनोद गुप्ता ने बताया कि भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल, रोटरी क्लब रींगस व राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रींगस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले कैंसर जांच शिविर के पोस्टर का विमोचन किया गया, शिविर में मैमोग्राफी, पेप स्मीयर टेस्ट, एक्स-रे, सीए 125, पीएसए, सीबीसी, हिमोग्लोबिन परीक्षण, टीएलसी, प्लेटलेट्स गणना, बीपी व शुगर की जांच की जाएगी। शिविर का आयोजन 10 मार्च को प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक रींगस सीएचसी में किया जाएगा। इस दौरान सीएचसी के चिकित्सकों सहित स्टाफ व रोटरी क्लब के पदाधिकारी मौजूद रहे।

पालिका नहीं हटा पाया मेला परिसर से अवैध अस्थाई दुकान को

भीलवाड़ा/शाहपुरा। कस्बे में आयोजित पांच दिवसीय फूलडोल महोत्सव में दो तीन अस्थाई दुकानदारों ने दबंगता से अवैध कब्जा कर लिया एवं माहौल गरमा गया जानकारी के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के पांच दिवसीय फूलडोल महोत्सव में नगर पालिका द्वारा अस्थाई दुकानों के लिए लाटरी से आवंटन की प्रक्रिया पारदर्शिता से पूर्ण की लेकिन रामनिवास धाम के पास फुटपाथ एवं डिवाइडर के पास दबंगई करते हुए चार पांच दुकानों पर अवैध कब्जा कर लिया आला अधिकारियों एवं नगरपालिका कर्मचारियों और अधिकारियों को शिकायत करने के पश्चात भी दबाव में कोई कार्यवाही नहीं की और दुकानदार और उसके साथी ने नगर पालिका को गुमराह करते हुए नियमों की और मानवता की धज्जियां उड़ाता रहा शाम को आला अधिकारी ने सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया खबर लिखने तक अस्थाई दुकानें अपने स्थान पर काबिज रही गौरतलब है कि फुटपाथ और डिवाइडर पर छोटे तबके के दुकानदारों को पांच 5 फीट की अस्थाई दुकान लगाने की जगह दी गई और दबंगई दुकानदार ने अलग-अलग लगभग 20,फीट10 फिट एवं 8फिट दुकान पर अपना कब्जा कर रखा है एवं पूरे बाजार में अकेले टेंट और तंबू दुकानदार के ही हैं।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com